हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 198, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 जनवरी, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

केन्द्र सरकार का बड़ा एक्शन : प्रतिबंधित आतंकी संगठन के प्रॉक्सी समूह पर लगाया बैन, चार आतंकी का नाम भी घोषित

नई दिल्ली। सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद पर कार्रवाई करते हुए केन्द्र ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के दो प्रतिनिधि संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही पिछले चार दिनों में चार व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि केन्द्र द्वारा आतंकवादी समूहों और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।

4 जनवरी को गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी किया था जिसमें कहा गया था कि एजाज अहमद अहंगर उर्फ अबू उस्मान अल-कश्मीरी, कश्मीर में पैदा हुआ आतंकवादी है। इसका अल-कायदा और अन्य वैश्विक आतंकवादी समूहों के साथ संपर्क है और यह भारत में इस्लामिक देश में बदलने की तैयारी कर रहा था। इसे आतंकवादी घोषित किया गया है। अफगानिस्तान में बैठा एजाज अहमद इस समय इस्लामिक स्टेट जम्मू और कश्मीर (क्रखङ) का प्रमुख नियोक्ताओं में से एक है। एजाज अहमद का जन्म 1974 में श्रीनगर में हुआ था। यह पिछले दो

दशकों से जम्मू कश्मीर का वांटेड आतंकवादी है जिसने कई आतंकवादी संगठनों के साथ मिलकर केन्द्र शासित प्रदेश में होने वाले कई आतंकी गतिविधियों की प्लानिंग की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, एजाज अहमद कश्मीर में उग्रवाद को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है और इसने कश्मीरी लोगों की पहचान करना शुरू कर दिया है जिसे अपने नेटवर्क में शामिल कर सकें। इसे भारत के लिए इस्लामिक स्टेट (क्र) भर्ती सेल का प्रमुख नियुक्त किया गया था और इसने ऑनलाइन भारत-केंद्रित क्रक्र प्रचार पत्रिका शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 5 जनवरी को गृह मंत्रालय ने पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयाब के एक प्रतिनिधि संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (ळफ्रह्) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। गृह मंत्रालय ने कहा कि टीआरएफ आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने, आतंकवादियों की भर्ती, आतंकवादियों की घुसपैठ और पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ऑनलाइन माध्यम से युवाओं की भर्ती कर रहा है। साल 2019 यह समूह प्रतिबंधित संगठन लश्कर के प्रतिनिधि के रूप में शुरू हुआ, इसका 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों समेत कई आतंकी गतिविधियों में भागीदारी रही है। साथ ही टीआरएफ भारत सरकार के खिलाफ आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों को उकसाने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मनोवैज्ञानिक अभियान चलाने का काम भी करता है। गृह मंत्रालय ने कहा कि टीआरएफ का कमांडर शेख सज्जाद गुल पहले ही गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम 1967 के तहत एक आतंकवादी घोषित किया जा चुका है। टीआरएफ के सदस्यों और सहयोगियों के खिलाफ काफी सारे मामले भी दर्ज किए गए हैं। 5 जनवरी को ही गृह मंत्रालय ने मोहम्मद अमीन खुबैब उर्फ अबू खुबैब को आतंकवादी घोषित कर दिया है जो कि जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है लेकिन फिलहाल पाकिस्तान में रहता है। फिलहाल अमीन लश्कर के लॉन्चिंग कमांडर के रूप में कार्य कर रहा है और उसने सीमा पार कई एजेंसियों के साथ अच्छे संबंध स्थापित कर लिए हैं। जम्मू में लश्कर की आतंकवादी गतिविधियों को दोबारा तेजी से शुरू करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मोहम्मद अमीन सीमा पार से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय, हथियारों और विस्फोटकों की आपूर्ति, आतंकियों से जुड़ी आर्थिक बातों का ध्यान रखता है।

'पेशाब कांड' पर टाटा संस के चेयरमैन ने जताई चिंता, बोले- हम हालात से निपटने में विफल रहे

नई दिल्ली। एयर इंडिया के यात्री के पेशाब करने का मामला अब और तूल पकड़ता जा रहा है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन के बाद अब इस मामले में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नवंबर में न्यूयार्क से आ रहे एक विमान में एक यात्री के एक साथी महिला यात्री पर पेशाब करने का मामला उनके लिए व्यक्तिगत पीड़ा का विषय है। इससे पहले कल यानी शनिवार को एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने इस पूरे मामले पर माफी मांगी थी। साथ ही उन्होंने चालक दल के चार सदस्यों और एक पायलट के खिलाफ हुई कार्रवाई के बारे में अवगत कराया था। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि एयरलाइन उड़ानों में शराब परोसने की नीति की भी समीक्षा कर रही है। 26 नवंबर 2022 को न्यूयॉर्क और दिल्ली के बीच संचालित एआई 102 में हुई घटना के मामले में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने बयान में कहा 'इस पूरे मामले में एयर इंडिया की प्रतिक्रिया बहुत तेज होनी चाहिए थी। हम इस स्थिति को उस तरह से संबोधित करने में फेल रहे हैं जिस तरह से यह होना चाहिए था।'

विदेशों में रहकर भी मातृभूमि से जुड़े हैं भारतीय, हमेशा देंगे साथ : जयशंकर

नई दिल्ली। मध्यप्रदेश के इंदौर में 'प्रवासी भारतीय दिवस' सम्मेलन का 17वां संस्करण आज आरंभ हो गया है। 'प्रवासीः अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार' विषय के तहत आयोजित 3 दिवसीय समारोह में 70 देशों के 3,500 से अधिक प्रवासी सदस्य भाग ले रहे हैं। इस बीच समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह एक ऐसा युग है जहां हम अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि देश और विदेश में भारतीय युवा इस देश के विकास को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। युवा प्रवासी भारतीय दिवस में जयशंकर ने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों के बारे में जो सबसे अनोखा है, वह यह है कि विदेशों में रहकर भी मातृभूमि से जुड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास प्रवासी भारतीयों के लिए अपने समर्थन को अधिक से अधिक करना है। विदेश मंत्री ने बताया कि उनका लक्ष्य ऑनलाइन तंत्र के माध्यम से शिकायतों के निवारण पर ध्यान केंद्रित करना है।

अनुराग ठाकुर ने प्रवासी भारतीयों को देश में निवेश करने को कहा- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण एवं युवा मामलों के मंत्री



अनुराग ठाकुर ने रविवार को प्रवासी भारतीय युवाओं से भारत में नवाचार, निवेश और अपने विचारों की शुरूआत करने की अपील की। युवा प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत 2022 में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अगर टेक्नॉलॉजी की बात करें तो भारतीयों ने इंजीनियरिंग और टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के दम पर न केवल अपना लोहा मनवाया है बल्कि कई स्थानों पर ऐसी स्थिति पैदा हुई है कि अगर भारतीय न हो तो कंपनियों का काम ठप हो जाए।

पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन लंबे समय से थे बीमार

प्रयागराज। पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन हो गया है। शनिवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। रविवार की सुबह उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। परिजन आज उन्होंने लखनऊ पीजीआई ले जाने वाले थे। दो दिन पूर्व ही पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी को प्रयागराज स्थित एक्यूरा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल से घर लाया गया था। वहां चिकित्सक उनपर नजर रखे हुए थे। उन्हें ऑक्सीजन के साथ ही पेय पदार्थ भी नली की मदद से दिया जा रहा था। शनिवार को दिक्कत बढ़ने के बाद चिकित्सकों ने लखनऊ ले जाने की सलाह दी थी। परिवार के सदस्यों ने बताया कि आज उन्हें पीजीआई लखनऊ ले जाने की तैयारी थी। लेकिन उससे पहले ही उनका निधन हो गया।

पाकिस्तान में आटे की भारी किल्लत, सब्सिडी वाला एक पैकेट 3100 रुपये में, धक्कामुक्की में एक की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आए दिन आर्थिक स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। महंगाई इस कदर बढ़ गई है कि भुखमरी की नौबत आ गई है। बताया जा रहा है कि करीब आधे पाकिस्तानी परिवारों को दो जून की रोटी पर आफत आ गई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक गेहूं की कीमत 5,000 रुपये प्रति मन पर पहुंचने के साथ, रावलपिंडी के खुले बाजार में आटा की दर 150 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शहर शहर में 15 किलो गेहूं का बैग 2,250 रुपये में बेचा जा रहा है। वहीं सब्सिडी वाले आटे जिससे लोगों को राहत मिल रही थी उसका भाव भी आसमान छूने लगा है। सब्सिडी वाले 25 किलो वाले पैकेट के आटे की कीमत 3100 रुपये प्रति पैकेट हो गई है।

आटे का पैकेट लेने के लिए धक्कामुक्की, एक की मौत- पाकिस्तान में आटे की बढ़ी कीमतों की वजह से हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। सब्सिडी वाला आटा का

पैकेट पाने की कोशिश में धक्कामुक्की के दौरान सिंध प्रांत में एक व्यक्ति की जान चली गई। सिंध के मीरपुर खास में एक वाहन पर आटे के पैकेट लेकर कुछ लोग पहुंचे। कम कीमत पर आटे के पैकेट की घोषणा सुनते ही बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

पाकिस्तान फ्लोर मिल्स एसोसिएशन का जवाब- पाकिस्तान फ्लोर मिल्स एसोसिएशन (पीएफएमए) के मुताबिक, खुले बाजार में गेहूं का आधिकारिक कोटा कम था और गेहूं 5,400 रुपये प्रति मन बेचा जा रहा था। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, रावलपिंडी के नानबाई एसोसिएशन ने कहा है कि अगर कीमतों को नियंत्रण में नहीं लाया गया, तो एसोसिएशन को फिर से आटे की दर 5 रुपये बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। कीमतों में बढ़ोतरी के लिए सरकार की ओर से कम गेहूं रिलीज को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। चक्की मालिकों के मुताबिक, पंजाब में आटे के दामों में बढ़ोतरी के लिए अनाज की कमी और गेहूं के ऊंचे समर्थन मूल्य जिम्मेदार हैं।

अखिलेश यादव ने पुलिस मुख्यालय में चाय पीने से किया इनकार, बोले- जहर मिला दिया तो... हमें भरोसा नहीं

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व ट्विटर एडमिन को शनिवार को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस मुख्यालय पहुंच गए। उन्होंने गिरफ्तारी का विरोध किया और कहा कि सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी। वो अपने समर्थकों के साथ पुलिस मुख्यालय में ही बैठ गए। इस बीच बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता पुलिस मुख्यालय पहुंचे और योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सपाइयों का कहना था कि तानाशाही नहीं चलेगी। पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है और सपा के किसी भी नेता को गिरफ्तार कर ले रही है। पुलिस मुख्यालय में मौजूद सपा अध्यक्ष को वहां मौजूद अधिकारियों ने चाय ऑफर की। जिस पर अखिलेश यादव ने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'आप जहर मिला दोगे तो... हमें आप पर भरोसा नहीं।' बहुत कहने पर अखिलेश ने कहा कि हम बाहर से चाय मंगवा लेंगे और कप आपका ले लेंगे। इतना कहकर उन्होंने अपने कार्यकर्ता से चाय मंगवाई। शनिवार सुबह अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी के

ट्विटर एडमिन मनीष जगन अग्रवाल को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में तीन मुकदमें दर्ज हैं। मामले की जानकारी पर गिरफ्तारी के विरोध में सपा कार्यकर्ता पुलिस मुख्यालय पहुंच गए और वहीं बैठ गए। उन्होंने कार्यकर्ता को रिहा करने की मांग की।

पेट्रोमैक्स जलाकर सो रहे मदरसा क्लर्क पत्नी व दो मासूम बच्चों की दम घुटकर मौत

सीतापुर। बिसवां कस्बे के झज्जर मुहल्ले में शनिवार रात पेट्रोमैक्स (पांच लीटर वाला गैस सिलिंडर) जलाकर एक कमरे में सो रहे मदरसा क्लर्क और उनकी पत्नी व मासूम दो बच्चों की दम घुटकर मौत हो गई। मृतक आसिफ लखनऊ के चिनहट रसूलपुर सादात के रहने वाले थे। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह दूध वाला आया और कई आवाजें लगाई लेकिन, दरवाजा नहीं खुला। काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला तो मुहल्ले वालों ने पुलिस को खबर की। पुलिस आने पर घर में घुसकर दरवाजा खोला गया तो पड़ोसी इरफान ने पुलिस को खबर की। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी इरफान के घर की छत से आसिफ के घर की छत पर पहुंचे थे। छत पर लोहे का जाल काटकर पुलिस कर्मी अंदर घुसे थे। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा और दृश्य देख उनके भी पैरों तले जमीन खिसक गई। पेट्रोमैक्स बुझ चुकी थी लेकिन, गैस की तीव्र

दुर्गंध थी। कमरे में बेड पर पति-पत्नी किनारे और बीच में दोनों मासूम बच्चे रसाई ओढ़कर बेदम पड़े थे। पुलिस कर्मियों ने हिलाया-ढुलाया तो कोई हलचल नहीं हुई। फिर समझने में देर नहीं लगी, चारों को मृत देखकर उच्चाधिकारियों को घटना के बारे में बताया। उधर, घटना की जानकारी पर मृतक के घर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ आ चुकी थी। उप जिलाधिकारी पीएल मौर्य और सीओ अभिषेक प्रताप अजेय मौके पर पहुंचकर स्थिति की प्रारंभिक जांच की और एंबुलेंस से चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि मदरसा क्लर्क आसिफ पिछले ढाई-तीन साल से बिसवां में ही घर बनाकर पत्नी व दो मासूम बच्चों के साथ रहने लगे थे। बिसवां एसडीएम पीएल मौर्य ने बताया कि पड़ोसियों से पता चला है कि आसिफ गुडैंचा सदरपुर में मदरसा इस्लामिया में क्लर्क थे। वह शनिवार रात को पत्नी शगुफ्ता और बेटा जयाद व बेटी मायरा के साथ सोए थे। बेटा जयाद अभी दो साल का था, जबकि बेटी मायरा तीन वर्ष की थी। उन्होंने बताया कि आसिफ के परिवार वालों को खबर दी गई है।

कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे का शाह पर निशाना, राम मंदिर ही नहीं नौकरी देने की भी समय सीमा तय करें

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राम मंदिर को लेकर की गई घोषणा के बाद वह विपक्ष के निशाने पर हैं। पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन पर निशाना साधा था। अब उनके बेटे व कर्नाटक कांग्रेस के प्रवक्ता प्रियांक खरगे ने शाह पर तीखा हमला किया है। प्रियांक ने कहा है कि गृहमंत्री को देश में बढ़ती बेरोजगारी के बीच नौकरी की रिक्तियों को लेकर भी डेडलाइन तय करने की जरूरत है। प्रियांक ने ट्वीट कर कहा, यह जानकर अच्छा लगा कि राम मंदिर अगले साल एक जनवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से अनुरोध है कि न केवल राम मंदिर, बल्कि सरकारी नौकरी की रिक्तियों को भरने, अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए भी समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए। आखिरकार राम राज्य का मतलब सभी के लिए शांति और समृद्धि है। इससे पहले पानीपत में भारत जोड़ो

यात्रा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि शाह पुजारी नहीं राजनेता हैं। आपका कर्तव्य देश की रक्षा करना है, किसानों को एमएसपी देना करना है। उन्होंने कहा था कि भाजपा नेतृत्व झूठ बोलता है। वे दो करोड़ नौकरियों का वादा कर-के सत्ता में आए थे, लेकिन किसी को नौकरी नहीं मिली। वे 15 लाख रुपये देने में विफल रहे। दरअसल, बीते सप्ताह त्रिपुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि अयोध्या में राम मंदिर एक जनवरी, 2024 तक तैयार हो जाएगा।

एयर इंडिया में पेशाब करने की घटना पर केन्द्रीय मंत्री ने दिया आश्वासन, कहा- मामले की तेजी से होगी कार्रवाई

ग्वालियर। 26 नवंबर को न्यूयॉर्क-मुम्बई की उड़ान में कथित तौर पर पेशाब करने वाला मामला अब केन्द्रीय मंत्रालय की नजर में आ चुका है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि कथित तौर पर पेशाब करने के मामले में तेजी से कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को 34 वर्षीय आरोपी शंकर मिश्रा को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। इस व्यक्ति ने कथित तौर पर एयर इंडिया में 26 नवंबर को फ्लाइट की बिजनेस क्लास में नशे की हालत में एक वरिष्ठ नागरिक महिला पर पेशाब किया था। इस मामले में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया में कहा है कि चल रही कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तेजी से की जाएगी। शंकर मिश्रा ने घटना के लिए शविनार को माफी मांगी है। इसके साथ ही फ्लाइट के चार केब्रिन क्रू सदस्य और एक पायलट को डी-रोस्टर कर दिया गया है साथ ही फ्लाइट में शराब परोसने की नीति की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि आरोपी को तकनीकी जांच के जरिए बेगलुरु से पकड़ा

गया है। इसके बाद शनिवार को इसे दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया। यहां पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के लिए याचिका दाखिल की थी लेकिन कोर्ट ने उसे खारीज करते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। महिला द्वारा एयर इंडिया को दी गई शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने 4 जनवरी को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी शंकर मिश्रा को उनकी नौकरी से भी निकाल दिया गया है। आपको बता दें, शंकर मिश्रा भारत में अमेरिकी बहुराष्ट्रीय फर्म 'वेल्स फारगो' के साथ काम कर रहे थे।

एयर इंडिया पेशाब मामले में सामने आया अन्य सह यात्री का बयान, खोली क्रू मेम्बर्स की पोल

नई दिल्ली। एयर इंडिया न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसको लेकर पुलिस द्वारा लगातार जांच की जा रही है। अब तक इसमें कई लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन फिर भी पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है। इस मामले में अब एक सह यात्री का बयान सामने आया है। जिसने इस घटना के कई राज खोल दिए हैं। एयर इंडिया में आरोपी के साथ बैठे एक सह यात्री का बयान सामने आया है। इनका नाम एस भट्टाचार्जी है, इन्होंने बताया कि यह घटना लंच के बाद की है। आरोपी ने चार बार शराब पी थी और मुझसे भी लगातार पूछ रहा था। लेकिन मैनें अपना लंच खत्म किया और इसके बाद फ्लाइट अटेंडेंट से कहा कि आरोपी पर नजर रखें।

1993 जैसे बम धमाके करने की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार, पीसीआर को फर्जी कॉल करने वाले पर भी शिकंजा

मुंबई। मुंबई एटीएस ने रविवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। आरोप है कि उसने मुंबई एटीएस कंट्रोल रूम पर कॉल कर 1993 के मुंबई विस्फोट जैसे धमाके शहर में करने और अगले दो महीने में यहां दंगे कराने की धमकी दी थी। शख्स की पहचान 55 वर्षीय नबी याह्या खान उर्फ केजीएन लाला के रूप में हुई है। उसके खिलाफ कई मामले हैं। एटीएस ने उसे आजाद मैदान पुलिस को सौंप दिया है।

वहीं, इसी तरह के एक अन्य मामले में मुंबई पुलिस ने आज एक 29 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने शहर के एक लोकप्रिय रेस्तरां में बम के बारे में पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को फर्जी कॉल की थी। वीपी रोड थाने के एक अधिकारी ने बताया, आरोपी ने कथित तौर पर तड़के तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया और कहा कि दक्षिण मुंबई के कोलाबा इलाके के एक प्रसिद्ध रेस्तरां में बम रखा है। उन्होंने कहा, बम जांच एवं निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) और पुलिस कर्मी

मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्हें इलाके में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा, पुलिस ने उस नंबर का पता लगा लिया जिससे कॉल की गई थी। एक घंटे के भीतर आरोपी का पता लगा लिया। प्रारंभिक जांच के मुताबिक आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त और बेरोजगार है। अधिकारी ने कहा, रेस्तरां के बाहर उसके साथ कुछ हुआ था, जिसके कारण उसने फर्जी कॉल की थी। उन्होंने आगे कहा, उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 505-क (सार्वजनिक शरारत के लिए जिम्मेदार बयान), 182 (किसी अन्य को चोट पहुंचाने के लिए लोकसेवक को अपनी कानूनी शक्ति का उपयोग करने के इरादे से झूठी सूचना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

संपादकीय

सांसद प्रज्ञा पर 103 पूर्व नौकरशाहों की कार्यवाही की मांग

भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के चाकू वाले बयान को लेकर देशभर में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। देश के 103 पूर्व नौकरशाहों ने सांसद प्रज्ञा के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। पूर्व नौकरशाहों ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में आचार समिति से सांसद प्रज्ञा ठाकुर पर कार्रवाई की मांग की है। सांसद प्रज्ञा ठाकुर कर्नाटक के शिवमोगा में आयोजित हिंदू जागरण वेदिके के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुई थी। इस सम्मेलन में उन्होंने हिंदुओं को अपने घरों में चाकू की धार लगाकर रखनेगैर हिंदुओं से नहीं डरने आत्मरक्षा की बात कहते हुए उन्होंने गैर हिंदुओं के हमलों का जवाब देने की बात कही। उन्होंने चाकुओं की तेज धार लगाकर अपने घर में रखकर गैर हिंदुओं के हमलों का हिंसक तरीके से जवाब देने के लिए प्रेरित किया। हिंदू जागरण के इस मंच से उन्होंने मुस्लिमों का नाम जरूर नहीं लिया। लेकिन सांसद बनी साध्वी हिंदुओं के मंच से हमेशा मुस्लिमों को अपना निशाना बनाती रही हैं निश्चित रूप से उनका इशारा मुस्लिमों और ईसाइयों के ऊपर रहता है। वह भी कर्नाटक में जहां पर अभी भी हिजाब और कर्नाटक के धार्मिक स्थलों को लेकर धार्मिक भावनाएं भड़काने का काम जोरों पर चल रहा है। साध्वी प्रज्ञा भारती अभी जमानत पर चल रही हैं। जोशी हत्याकांड में उनकी बाइक घटनास्थल पर जली हुई मिली थी। पिछले कई वर्षों से उनके ऊपर मुकदमा चल रहा है। कई वर्षों वह जेल में रही हैं। शारीरिक अक्षमता और प्रताड़ना के कारण वह जमानत पर चल रही हैं। अभी सांसद जैसे महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। भोपाल संसदीय क्षेत्र से उन्होंने एक लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज कराई थी। उसके बाद भी उनके द्वारा समय-समय पर जो विवादित बयान दिए जाते हैं। उससे सामाजिक अलगाव की घटनाएं हिंसक वारदातें समय-समय पर होती रही हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के पक्ष में भी बयान दिए थे। तब प्रधानमंत्री ने कहा था साध्वी प्रज्ञा भारती का बयान स्वीकार नहीं है। उनके इस बयान के लिए वह उन्हें माफ नहीं करेंगे उपयुक्त कार्रवाई करेंगे। लेकिन आज तक प्रज्ञा भारती पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जो लोग संघ की विचारधारा और विभिन्न संगठनों से जुड़े होते हैं। जो संघ के अनुवांशिक संगठन के रूप में पहचाने जाते हैं। वह एक ही समय पर अलग-अलग बातें कहते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा उनके बयानों पर मौन साध लेती है। बयान देने वाले के व्यक्तिगत कथन बताकरउनसे बचने का प्रयास करती है। लेकिन पिछले कई वर्षों में अब यह नूरा कुश्ती सभी को समझ में आने लगी है। जिस तरह की धार्मिक भावनाएं प्रत्येक राज्य में भड़काई जा रही हैं। उसमें बहुसंख्यक हिंदू अब अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ अलगाव की दिशा में आगे बढ़ चले हैं। यह आग अब आदिवासी और गैर आदिवासियों के बीच में भी अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ भड़काई जाने लगी है। झारखंड और छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर हिंदुओं को हिंदुओं से लड़ाने की एक नई वृक्ति धार्मिक एवं सामाजिक समुदाय के आधार पर शुरू हो गई है। आदिवासियों को कई समुदायों में बांट कर आदिवासियों के खिलाफ आदिवासियों को ही खड़ा करके लड़ाई शुरू हो गई है। झारखंड में हिंदू जैन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर पर भी सुनियोजित तरीके से विवाद पैदा कर दिया गया है। जैन धर्म की आस्थाओं से आदिवासियों को लड़ाने की नई साजिश शुरू हो गई है। जैन तीर्थ क्षेत्र में आदिवासियों का प्रतिनिधित्व सरकार द्वारा देकर दोनों समुदायों के बीच अलगाव पैदा करने की कोशिश शुरू हो गई है। बहुसंख्यक हिंदूअल्पसंख्यक हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करके उन्हें वोट बैंक में बांटने की राजनीति कर रहे हैं। जिससे लोगों की यह धारणा बनने लगी है कि संघ और उसके अनुवांशिक संगठन और उससे जुड़े हुए लोगअब हिंदुओं को हिंदुओं से लड़ाने की नई राजनीति देश में शुरू हो गई है। जिसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देश भर में सभी समाजों के बीच में होने लगी है। पहले धर्म के आधार पर बांटाअब जाति समुदाय के आधार पर बांटने एक ही परिवार को परिवार में बांटने की नई राजनीतिक साजिश की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देशभर में देखने को मिल रही है। सांसद जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए इस तरीके के बयान पर लोकसभा अध्यक्ष या भारतीय जनता पार्टी क्या कार्यवाही करती है। इस पर सभी की निगाहें टिक गई है। बांटो और राज करो काजो सपना अंग्रेजों ने देखा था। भारत में बांटने का जो काम अंग्रेज नहीं कर सके थे। अब अपनी ही सरकार सभी को बांटने की दिशा में सरकारें आगे बढ़ रही हैं। यहलोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे अधिक चिंता का विषय है।

प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय सत्संग कथा कीर्तन तीर्थ व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शास्त्रों में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

विदेशों में डंका बजाने वाले भारतीय

९ जनवरी के दिन ही साल १९१५ को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका छोड़कर वतन लौटे थे और बाद में देश के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। गांधी जी की वतन वापसी के सम्मान में २००३ से हर साल ९ जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है।इस बार यह सम्मेलन भारत राष्ट्र के मध्यप्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में मनाया जा रहा हैं जिसकी तैयारियां युध्य स्तर पर चल रही हैं। आनेवाले सोमवार यानी ९ जनवरी का दिन एक बार फिर देश प्रवासियों के नाम समर्पित करेगा। इस दिन दुनिया के अलग-अलग देशों में बस चुके भारतीयों के योगदान को न सिर्फ पूरा देश स्वीकार करेगा बल्कि देश के विकास में किस तरह योगदान दे सकते हैं इसके लिए प्रवासी भी एक मंच पर आकर चर्चा करेंगे।

दरअसल पूरी दुनिया में भारतीय समुदाय ने पिछले कुछ बरसों में अपनी खास जगह बनाई है और वे अपने-अपने देशों में भारतीय विरासत के ब्रैंड ऐंबैसडर बने। देश उनसे किस तरह लगातार जुड़ा रहे और किस तरह वे देश के विकास में हिस्सेदार बन सकते हैं इस बारे में प्रवासी दिवस पर विस्तार से बात होती है। पूरी दुनिया में लगभग ३ .१० करोड़ भारतीय बसे हुए हैं। इनमें कुछ ने वहीं की नागरिकता ले ली है तो बाकी एनआरआई बन कर रह रहे हैं। भारत सबसे बड़ा देश है जहां के निवासी इतनी तादाद में बाहर बसे हुए हैं। पहले चीन नंबर एक था। अब भारत का नंबर पहला है। जहां भी भारतीय रह रहे हैं वे न सिर्फ उस देश की इकॉनमी और विकास में अहम योगदान निभा रहे हैं बल्कि अब अपने देश में भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिका इंग्लैंड जैसे विकसित देशों तक के चुनाव में भारतीय मूल के लोग अहम बनकर उभर रहे हैं। अगर देश में इनके योगदान की बात करें तो हर साल १०० अरब रुपये से ज्यादा का लेन-देन इनके जरिए होता है जो इकॉनमी के लिए बहुत अहम साबित होता है। सरकार ने इनके लिए कई तरह के नियम भी बनाए हैं।

विदेशों में जो भारतीय रहते हैं और वहां पूरी तरह बस गए हैं उन्हें भारत सरकार ने 2 कैटिगरी में बांटा है। ये २ कैटिगरी हैंः नॉन रेजिडेंट इंडियन और कओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया

नॉन रेजिडेंट इंडियन

जो एक साल में कम-से-कम १८३ दिन विदेश में रहता है वह नॉन रेजिडेंट इंडियन की कैटिगरी में आ जाता है। नॉन रेजिडेंट इंडियन बनने के लिए अलग-से आवेदन देने की जरूरत नहीं होती। फॉर्म या टैक्स भरने के दौरान उसका जिक्र कर सकते हैं। यह स्थायी प्रावधान नहीं है और साल-दर-साल इसमें बदलाव आ सकता है। नॉन रेजिडेंट इंडियन को सरकार कुछ अधिकार देती है जैसे कि

- भारत की नागरिकता और वोट डालने का अधिकार
- देश के अंदर जमीन और जायदाद बनाए रखने का अधिकार
- खास दर पर बैंक खाता खोलने का अधिकार
- इस आधार पर टैक्स से छूट कि वह दूसरे देश में वहां के हिसाब से टैक्स दे रहा है
- देश की यूनिवर्सिटीज में उनके बच्चों के लिए सीटें आरक्षित रहती हैं

ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया

ऐसे भारतीय जो बाहर दूसरे देश में बसकर वहां की नागरिकता ले लेते हैं लेकिन भारत उन्हें स्थायी वीसा देता है जिससे वे अपने मूल वतन से लगातार संपर्क बनाए रखते हैं। इन्हें ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कहा जाता है। यह कार्ड सिर्फ उन्हीं को मिलता है कि जो कभी भारतीय नागरिक रहे हैं या कम-से-कम उनके माता-पिता में कोई एक या दादा-दादी में कोई एक भारत का नागरिक रहा हो। हालांकि इसका एक नियम यह भी है कि वह शख्स या उसका कोई नजदीकी रिश्तेदार पाकिस्तान या बांग्लादेश में न रहा हो। साथ ही वह किसी दूसरे देश के संवेदनशील विभाग में काम न करता हो। पिछले महीने इस कार्ड संबंधी नियमों में कई अहम बदलाव किए गए। इसके तहत नागरिकता रखने वाले विदेशियों के लिए २० साल की उम्र तक हर बार नया पासपोर्ट लेने पर ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड दोबारा जारी किया जाएगा। इसके अलावा ५० साल से ज्यादा उम्र होने के बाद नया पासपोर्ट लेने पर ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड का एक बार नवीनीकरण करवाना होगा।

इस कार्ड धारक को कई तरह की सुविधा मिलती हैं:

- अगर कोई पांच साल तक यह कार्ड अपने पास रखता है और इस दौरान लगातार एक साल भारत में रहता है तो वह देश का नागरिक दोबारा बन सकता है।
- वह बिना रिपोर्ट किए भारत कई बार आ-जा सकता है
- वह भारत में निवेश करने कर सकता है
- नॉन रेजिडेंट इंडियन की तरह ही शिक्षण संस्थानों में कोटा होता है
- हालांकि ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया न चुनाव लड़ सकते हैं न देश में वोट डाल सकते हैं न ही कोई सरकारी नौकरी कर सकते हैं

नॉन रेजिडेंट इंडियन को वोट देने का अधिकार होता है। हाल में नॉन रेजिडेंट इंडियन को भी सेना की तरह प्रॉक्सी वोट का अधिकार दिए जाने के लिए पहल हुई है। मोदी सरकार की कैबिनेट ने इस बारे में नीति को मंजूरी दी थी लेकिन संसद में बिल पास नहीं हुआ। दरअसल नॉन रेजिडेंट इंडियन को चुनाव की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ा अभियान शुरू किया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार अभी लगभग १ .४० करोड़ नॉन रेजिडेंट इंडियन में से एक हजार से भी कम अपने वोट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन प्रॉक्सी वोट की सुविधा मिलने से वोट डालने वालों की संख्या काफी बढ़ने की संभावना है। नए नियम के अनुसार नॉन रेजिडेंट इंडियन अपने बूथ पर किसी प्रॉक्सी को वोट देने के लिए नोमिनेट कर सकते हैं। हालांकि उन्हें यह प्रकिया चुनाव से पहले पूरी करनी होगी। नॉन रेजिडेंट इंडियन को प्रॉक्सी वोट की सुविधा देने को लेकर आशंकाएं भी हैं कि कहीं इसका गलत इस्तेमाल न हो। फिलहाल इस नियम का कानूनी जामा पहनना बाकी है।

नॉन रेजिडेंट इंडियन के लिए भारत को जानो कार्यक्रम

विदेश में रहने वाले भारतीय देश को ज्यादा करीब से जान सकें और अपनी जमीन से लगाव बढ़ा सकें इसके लिए एक खास कार्यक्रम भारत को जानो भी चलाया जाता है। विदेश मंत्रालय के इस कार्यकम में विदेश में रहने वाले युवाओं को देश के बारे में बताने और समझाने के लिए खास अभियान चलाया जाता है। इसकी मंशा है कि जो युवा देश के बाहर रह रहे हैं वे न सिर्फ अपनी विरासत को जानें बल्कि इसका प्रसार भी करें। इस अभियान का ५९ वां कार्यक्रम इस महीने होने वाला है। सूत्रों के अनुसार इस कार्यक्रम में ५० देशों में रहने वले भारतीय युवा शामिल होंगे। २००४ में इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी और अब तक इसके ५७ कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इसी तरह विदेश में बसे भारतीय और उनकी आनेवाली पीढ़ी देश से जुड़ी रहें इसके लिए सरकार भारत में पढ़ो नाम से भी एक कार्यक्रम चलाती है। इसके तहत युवा यहां आकर यूनिवार्सिटी में चार महीने का कोर्स कर सकते हैं जिसमें देश के बारे में पढ़ाया जाता है।

कुछ और भी कोशिशें

-भारत सरकार ने विदेशों में बसे भारतीय युवाओं के लिए पीएसयू और दूसरी कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए कुछ सीटें आरक्षित रखी हैं।

-प्रवासी भारतीय युवा क्लब विदेश मंत्रालय मंत्रालय की एक पहल है। प्रवासी भारतीय युवा क्लब दूसरे देशों में रह रहे १८ से ३० साल के भारतीय युवाओं को वहां के भारतीय दूतावासों के जरिए देश के साथ जोड़ता है।

-विदेश में बसे भारतीय छात्रों को ४ हजार डॉलर की छात्रवृत्ति देने की भी योजना है।

-जड़ों की तलाश नाम से एक योजना है। इसके तहत अगर कोई अपनी खोई विरासत और भारत के साथ अपने कनेक्शन को खोजना चाहता है तो सरकार इस काम में मदद करती है।

लेकिन धोखे भी हैं इस राह में

एक ओर जहां लाखों नॉन रेजिडेंट इंडियन विदेश में अपनी छाप छोड़ रहे हैं वहीं कुछ नॉन रेजिडेंट इंडियन दूल्हों ने शादी के नाम पर धोखा देकर इस समुदाय को बदनाम भी किया है। सरकार अब ऐसे धोखेबाज नॉन रेजिडेंट इंडियन दूल्हों पर लगाम लगाने की कोशिश कर रही है। सरकार ऐसे कानून की तैयारी कर रही है जिसके तहत नॉन रेजिडेंट इंडियन पति अगर कानून की पकड़ से निकलने की कोशिश करे तो उसके परिवार की भारत में मौजूद जायदाद जब्त की जाए।

खोद रहे पहाड़ न निकली चुहिया



हमारे प्रधान मंत्री श्री मोदी जी को काम अधिक और समय कम हैं उसका कारण भविष्य में देश का नाम नरेंद्र बनाना हैं। कारण भारत के ऊपर कई दावेदार हैं। खास तौर पर पडोसी चीन पाकिस्तान श्री लंका नेपाल भूटान बांग्ला देश मालद्वीप की निगाहें भारत पर हैं पर देश का नाम नरेंद्र होने से कोई उस देश की तरफ निगाह उठाकर देख नहीं पायेगा।

वास्तव में मोदी जी को बहुत काम करना हैं इतने शिलालेख थोप दिये जाएंगे की आने वाली पीढ़ी को नरेंद्र मोदी का नाम याद रहेगा। नए इतिहासकारों ने अपनी पूरी तैयारी कर ली हैं। मीडिया ने पूरा सहयोग दिया हैं और देंगी। ऐसा कौन सा स्थान नहीं हैं जहाँ नरेंद्र मोदी का नाम न लिखा हो। सड़कें प्रधान मंत्री आवास जलनल मल योजना रेल हवाई अड्डे समुद्र आकाश आदि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं हैं जहाँ उनके चरण न पड़े हो। क्यों ना प्रधान मंत्री जो ठहरे रुकना मौत हैं चलते ही जाना हैं।

प्रधान मंत्री जी के शब्दकोश असंभव शब्द नहीं हैं। उन्होंने नवीनीकरण हेतु अविस्मरणीय कार्य किये उन्हें प्रकृति प्रेम हैं तो उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक और मध्य क्षेत्र तक को अपने कदमों के निशाँ से वंचित नहीं किया। इससे विकास बहुत हुआ और उससे अधिक विनाश की संभावना बन चुकी जिसका तत्काल में एक उदहारण जोशीमठ का हैं।

प्रधान मंत्री ने उत्तराखंड के चारो धामों को पूरे वर्ष पर्यटन के लिए सड़क मार्ग से जोड़ा। उसी पर्वत पर अनेकों परियोजनाएं चल रही हैं। इसके साथ एक तरफ पूरा पहाड़ हैं और दूसरी तरफ गहरायी में गंगा नदी बह रही हैं। उसी तरफ लोगो ने होटल्स घर आदि बनाये हैं। और विकास के लिए जोशीमठ के नीचे से १२ किलोमीटर सुरंग बिछाकर जोशीमठ की धरा को खोखला कर दिया और मुख्य मंत्री ने कलेक्टर संभागायुक्त और अन्य जिम्मेदार अफसरों को जोशीमठ खाली कारकर अन्य स्थल पर विस्थापित करे।

प्रधान मंत्री मुख्य मंत्री का इतना सहज में बोलना पीड़ितों को कितना कष्टकारी होगा। जब प्रधान मंत्री मुख्य मंत्री को मनचाही कुर्सी नहीं मिलती तब कितना कष्ट होता हैं तब उन नगरवासियों को विस्थापन के लिए जगह देना कितना आसान हैं। क्या इस विषय पर अन्य लोगों ने कई आपत्तियां लगाई थी उन्हें नजरअंदाज किया गया और अब रोना रो रहे हैं। घर दूकान तिनका तिनका जोड़ कर बनाया जाता हैं उसे उजाड़ना बहुत सरल हैं विकास के नाम पर।

मई २०२२ में लेखक ने वहां यात्रा की थी उस समय विश्व प्रसिद्ध नरसिंह मंदिर शंकराचार्य जी का मठ के दर्शन किये थे। इसके अलावा ओली भृमण किया था। देहरादून से लगातार बद्रीनाथ मंदिर के बीच में इतना विकास हुआ। वहां फोर लेन सड़क मार्ग बड़ी बड़ी परियोजनाए। मकान होटल्स मिलिट्री एरिया आदि बहुत अच्छे बने हैं और निरन्तर निर्माण कार्य चालू हैं। बहुत अच्छा लगता हैं पर किस के आधार पर विकास या विनाश।

केंद्र और राज्य सरकार सिर्फ पर्यटन विकास के नाम पर प्रकृति का जितना अधिक दोहन कर रही हैं वह चिंतनीय हैं। इसके पहले टिहरी बांध का विरोध किया गया था चिपको आंदोलन हुआ पर सरकारों की हठधर्मिता के कारण प्रकृति का कितना नुक्सान हुआ इसका अंदाजा नेताओं और शासको को थोड़ी पता रहता हैं। .

घटना के पहले चेताया जाता हैं तो उसे दरकिनार किया जाता हैं दुर्घटना होने पर क्षतिपूर्ति देकर इतिश्री कर दी जाती हैं। नेताओं और मंत्रियों का निजी धन और निजी नुक्सान हो तो पीड़ा समाज में आती हैं। पर इन मोटी चमड़ी वालों मात्र कमीशन के पीछे कुछ नहीं दिखाई देता हैं।

जो स्थान ४ से ६ माह बंद रहता हैं उनमे क्यों यातायात करना। मंत्री मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री हवाई जहाज से गए और आ गए उनकी सुविधाओं में कमी नहीं होना। यहाँ जनता उनकी नजर में मतदाता हैं मरेंगे तो नए जुड़ेंगे उनकी सत्ता रहनी चाहिए। उत्तराखंड की सुंदरता को श्री विहीन कर दिया गया और लगातार किया जा रहा हैं। पुरानी धार्मिक विरासत को कहाँ से लाएंगे। कोरे भाषणों से और तर्कों से भरपाई किया जाना संभव नहीं हैं। अब केंद्र सरकार राजपत्र में भारत का नया नाम नरेंद्र मोदी करने जा रहे इसका इंतजार हैं। भारत देश का नाम नरेंद्र मोदी ही होगा भविष्य में।

भारत के आर्थिक विकास में प्रवासी भारतीय कर रहे हैं महत्वपूर्ण योगदान

प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को भारत में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। भारत के आर्थिक विकास में प्रवासी भारतीयों के अमूल्य योगदान को इस दिन विशेष रूप से याद किया जाता है। इस वर्ष भी इस शुभ अवसर पर दिनांक 8 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक मध्य प्रदेश के इंदौर नगर में 17वां प्रवासी भारतीय दिवस समारोह आयोजित किया गया है। इस विशेष आयोजन में प्रथम दिन अर्थात 8 जनवरी 2023 को यूथ प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाएगा। दूसरे दिन अर्थात 9 जनवरी 2023 को 17वां प्रवासी भारतीय दिवस कन्वेंशन 2023 का शुभारंभ होगा और तीसरे दिन अर्थात 10 जनवरी 2023 को 17वें प्रवासी भारतीय दिवस कन्वेंशन का समापन होगा। उक्त कार्यक्रमों में भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की भी भागीदारी रहेगी।

आज पूरे विश्व में 3.2 करोड़ से अधिक अप्रवासी भारतीय निवास कर रहे हैं। करीब 25 लाख भारतीय प्रतिवर्ष भारत से अन्य देशों में प्रवास के लिए चले जाते हैं। विदेश में बस रहे भारतीयों ने भारतीय संस्कृति का झंडा बुलंद करते हुए भारत की साख को न केवल मजबूत किया है बल्कि इसे बहुत विश्वसनीय भी बना दिया है। प्रवासी भारतीयों ने अपनी कार्यशैली से अन्य देशों में स्वयं को तो स्थापित किया ही है साथ ही इन देशों में अपने लिए कई अनगिनित उपलब्धियां भी अर्जित की हैं। इन देशों में निवास कर रहे प्रवासी भारतीय वहां के आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में अपनी भागीदारी भी बढ़ाते जा रहे हैं।

तीन विभिन्न कालखंडों में भारतीय विभिन्न देशों में प्रवास पर भेजे गए थे अथवा वे स्वयं गए थे। सबसे पहिले तो भारत पर अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान लाखों की संख्या में भारतीय श्रमिकों के तौर पर ब्रिटिश कालोनियों (ब्रिटेन द्वारा शासित देशों) में भेजे गए थे। आज इन देशों में भारतीयों की आगे आने वाली पीढ़ियां बहुत प्रभावशाली बन गई हैं एवं इनमें से कुछ तो इन देशों में प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति के पदों तक पहुंच गए हैं। भारत द्वारा अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद एक बड़ी संख्या में भारतीय अन्य देशों में जाकर प्रवासी भारतीय के तौर पर बस गए थे। उस समय पर इनमें से एक बहुत बड़ा वर्ग किसी न किसी प्रकार की तकनीकी दक्षता जैसे कारीगर पलंबर इलेक्ट्रिशियन आदि हासिल किए हुए था। इन लोगों को ह्लब्लू कोलरह्व रोजगार आसानी से उपलब्ध हो रहे थे और ये भारतीय एक बड़ी संख्या में अधिकतर सऊदी अरब यूनाइटेड अरब अमीरात कतर एवं अन्य मिडिल ईस्ट देशों में प्रवासी भारतीय बनकर रहने लगे। उस समय पर इन देशों में प्रवासी भारतीयों को छोटे छोटे दुकानों पर भी रोजगार आसानी से उपलब्ध हो रहा था।

इसके बाद 1970 के दशक एवं इसके बाद के कालखंड में भारत से बुद्धिजीवी प्रोफेशनल एवं पढ़े लिखे वर्ग के लोग भी अन्य देशों की ओर आकर्षित होने लगे एवं अमेरिका ब्रिटेन कनाडा जर्मनी फ्रान्स इटली आदि देशों में जाकर प्रवासी भारतीय के रूप में बस गए। आज ये प्रवासी भारतीय इन देशों में इंजीनीयर डॉक्टर प्रोफेसर आदि अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। इनमें से कई तो आज इन देशों की बड़ी बड़ी कम्पनियों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में भी बहुत सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। अमेरिका एवं ब्रिटेन जैसे अन्य कई देशों में तो आज सबसे अधिक डाक्टर एवं इंजीनीयर भारतीय मूल के लोग ही हैं एवं इन देशों के वित्तीय क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिक सबसे अधिक पाए जाते हैं। इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को गति देने में इन प्रवासी भारतीयों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र जिसमें आज भारतीय मूल के नागरिक इन देशों में लगातार बहुत सफल हो रहे हैं वह है राजनीति का क्षेत्र।

उक्त तीन कालखंडो में भारत से विभिन्न देशों में गए भारतीयों ने महान भारतीय संस्कृति का पालन करते हुए इन देशों में भारतीय मूल के नागरिक के तौर पर अपना एक विशेष स्थान बना लिया है एवं इन्होंने इन देशों के नागरिकों के बीच एक विशेष दर्जा एवं विश्वास हासिल कर लिया है। आज भारतीय मूल के नागरिक न केवल अपने अपने देशों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं बल्कि अपने वतन अर्थात भारत माता की सेवा करने में भी किसी प्रकार की कमी नहीं रखते हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में विश्व बैंक ने एक प्रतिवेदन जारी कर बताया है कि विदेशों में रह रहे भारतीयों द्वारा वर्ष 2022 में 10000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का विप्रेषण भारत में किए जाने की सम्भावना है जो पिछले वर्ष 2021 में किए गए 8940 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विप्रेषण की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों द्वारा विप्रेषण के माध्यम से प्राप्त की जा रही राशि की सूची में भारत का प्रथम स्थान बना हुआ है।

प्रवासी भारतीयों का भारत की विभिन्न कम्पनियों में विदेशी निवेश भी बहुत तेज गति से बढ़ रहा है। इसका अच्छा प्रभाव यह भी देखने में आ रहा है कि प्रवासी भारतीयों के देखादेखी इन देशों के मूल निवासी भी भारत में अपने विदेशी निवेश को बढ़ा रहे हैं जिसके चलते भारत में कुल विदेशी निवेश द्रुत गति से बढ़ रहा है। इन विभिन्न देशों में प्रवासी भारतीय भारत एवं इन देशों के बीच विदेशी व्यापार एवं विदेशी निवेश के मामले में एक सेतु का कार्य कर रहे हैं। भारतीय मूल के लोग इन देशों के कई संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं एवं इस इन संस्थानों को भारत के प्रति नरम रूख अपनाने की प्रेरणा भी देते रहते हैं।

भारत को यदि विदेशों में रह रहे भारतीयों द्वारा विप्रेषण के माध्यम से अधिक राशि भेजी जा रही है तो इससे भारत की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत हो रही है क्योंकि इससे भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार लगातार बढ़ रहा है जो कि भारतीय रुपए को अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता प्रदान करने में मददगार साबित हो रहा है एवं भारत में अर्थव्यवस्था को गति एवं मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। साथ ही इससे भारत में नया निवेश बढ़ रहा है एवं जिससे यहां रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। इस प्रकार भारत से बाहर रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा भी भारत के आर्थिक विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया जा रहा है।

जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी : जिलाधिकारी

बलिया। नए वर्ष के प्रथम माह के प्रथम सप्ताह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील बलिया में किया गया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने तहसील बलिया सदर में समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुनी ।

उनके सामने भूमि विवाद,बिजली,

36 मामले आए जिनमें से 4 का मौके पर हुआ निस्तारण

पानी, सफाई, चिकित्सा और सुरक्षा से संबंधित मामले आए। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द सभी मामलों का निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी मामले का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुन ली जाए । भूमि और राजस्व के मामले में उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें

मौके पर जाकर मौका मुआयना करके ही मामले का निस्तारण करें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उसे जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए। समाधान दिवस बलिया सदर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर, उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय खेल खुद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रखर गोसाई की बाजार/ आजमगढ़। नेहरू युवा केंद्र आजमगढ़ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता रानी की सराय ब्लाक के फरिहाँ में किया गया खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि अबूबकर खान प्रधान फरिहाँ ने सर्वप्रथम द्वारा फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के पहले दिन वॉलीबॉल मैच खेला गया जिसमे कुल आठ टीमों ने भाग लिया। पहला बाली बाल मैच रोवा व खुटहना के बीच खेला गया जिसमे रोवा ने टॉस जीतकर मैच खेलना प्रारम्भ किया। जिसमे खुटहना ने जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि प्रधान अबूबकर खान ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन के लिए खेलकूद आवश्यक है इसलिए व्यक्ति को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इश्तेयाक अहमद ने कराए गए खेल कूद प्रतियोगिता को सराहना की।

समाजसेवी राम अवतार स्नेही ने कहाकि खेलकूद प्रतियोगिता से व्यक्ति का स्वास्थ्य के साथ-साथ व्यक्ति का मन मस्तिक भी ठीक रहता है, वही खिलाड़ियों में आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जावेद अख्तर, जहांगीर आलम ,महताब आलम, डॉ राधेश्याम, मो परवेज ,अतीक अहमद, मास्टर मजीद, मुश्फिकुज्जीहां उर्फ रुम्मू भाई ,साकिर फराही आदि लोग उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस में भाग लेने गई छात्र व छात्रायें

प्रखर पिंडरा वाराणसी। 9 जनवरी से ग्वालियर में होने जा रही अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस में आरडीएस नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के विद्यार्थी भाग लेंगे । रविवार को छात्राओ का दल रवाना भी हो गया। उक्त कॉलेज के संस्थापक संदीप सिंह ने बताया कि ग्वालियर शहर के कैंसर हॉस्पिटल में अनुसंधान केंद्र के शीतल शाह ऑडिटोरियम हॉल में नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन इंडिया के सानिध्य में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। कॉन्फ्रेंस में नर्सिंग क्षेत्र में मुकाम रखने वाले डॉ विपुल कपूर प्रोफेसर व भूतपूर्व डायरेक्टर स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस नर्सिंग इग्नू नई दिल्ली व चेयरपर्सन एनएनएमसी बिल साथ में मॉडरेट डॉ मधुसूदन प्राचार्य महारानी लक्ष्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग झांसी , डॉ एल गोपीचंद एसोसिएट प्रोफेसर कॉलेज ऑफ नर्सिंग नई दिल्ली , डॉ विजय सिंह चौधरी डीन के साथ साथ कई हस्तियां शामिल होगी। कॉन्फ्रेंस मे इनोवेशन इन नर्सिंग, कीय टो प्रोग्रेस इन यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज विषय पर चर्चा करेंगे। संस्था के प्रधानाचार्य प्रो.रविकेश शाक्य ने बताया कि इस तरह की अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस में विद्यार्थियों को अनुभव के नये - नये तकनीकों के इस्तेमाल से अवगत कराया जाता है । एवं बेहतर तरीके से मरीजों को उसका लाभ दिलाने जैसी जानकारियाँ छात्र-छात्राओं को दी जाती हैं।

जरूरतमंद और गरीबों के बीच कंबल का वितरण

प्रखर पिंडरा वाराणसी। कड़कड़ाती ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए सामाजिक संस्था अभ्युदय सेवा समिति के सदस्यों ने रविवार को फूलपुर तिराहे पर 100 लोगों को कंबल वितरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की पूजा दीक्षित व ज्वाइंट जनरल सेकेट्री आर्य महिला परिषद के साथ अभ्यदुय सेवा समिति के सरंक्षक व मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष दिलीप दुबे व अनुपम सिंह, राजकुमार गुप्ता, अमिताभ दूबे व जे पी पटेल के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

फाइनेंशियल साल्युशन एंड टैक्सेशन की लगी कार्यशाला

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में आज रविवार को अर्थशास्त्र विभाग के डॉ0 पीयूष सिंह एवं अंग्रेजी विभाग के डॉ0 अभिषेक कुमार एवं डॉ0 रामनाथ केसरवानी के संयुक्त तत्वाधान में फाइनेंशियल सॉल्यूशंस एंड टैक्सेशन प्लान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भारती अक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लक्सा वाराणसी शाखा के उप प्रबंधक विनोद मिश्रा द्वारा टैक्स सेविंग प्लांस, रिटायरमेंट प्लांस और एजुकेशन प्लांस पर एक विस्तृत जानकारी को साझा किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य मैम डॉक्टर सविता भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें सभी विभागों के प्राध्यापक जिसमें डॉक्टर हरेंद्र यादव, डॉक्टर विकास सिंह, डॉक्टर एकलाख खां , डॉ सुमन एवं अन्य कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे। वित्तीय साक्षरता वर्तमान समय की

मांग है। महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन वित्तीय साक्षरता के उद्देश्य से किया जाता है।इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न वित्तीय उत्पादों पर भी चर्चा की गई।वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य दो अत्यावश्यक अवयवों, साक्षरता एवं सुलभ उपलब्धता के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाना है। इस कार्यक्रम का प्रयोजन प्राध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों को वित्तीय जानकारी प्रदान करना है जिससे वे वित्तीय आयोजन करने, बचत की आदत डालने तथा वित्तीय सेवाओं का कारगर ढंग से उपयोग कर सके। वित्तीय साक्षरता उन्हें अपने जीवन चक्र की जरुरतों के लिए समय से पहले नियोजन करने में और ऋण का सहारा लिए बिना ही अनपेक्षित आकस्मिकताओं से निपटने में अपने धन का बेहतर प्रबंधन करने में सहायता प्रदान करती है।

समाजसेवी ने असहाय तथा रैन बसेरा में कराया भोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर तहसील के वरिष्ठ समाजसेवी अमित पांडेय के नेतृत्व में ओमप्रकाश तथा सचिन यादव ने तहसील पर शनिवार को असहाय एवं रैन बसेरा में रहने वाले लोगों को भोजन कराया। समाजिक समरसता का माहौल बनाया गया। सैदपुर बाजार के व्यापारी, समाजसेवी व प्रशासनिक अधिकारीयों ने कार्यक्रम में भाग लिया।समाजसेवी ने कहा कि हर शनिवार को शाम तहसील गेट के सामने जरुरत मंदो के लिए भोजन की व्यवस्था कराईं जाएगी। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह व तहसीलदार नीलम उपाध्याय, नायब तहसीलदार आशीष सिंह, वागीश विक्रम सिंह, गुलाब पांडे, ओमप्रकाश दुबे, अनिल दुबे, अजय पाठक, मोहित पांडे शुभम मोदनवाल, मोहम्मद इसरार, शुभम सूर्या आदि मौजूद रहे।

कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए बिंद गांव में वितरित किया गया कंबल

प्रखर पराऊगंज जौनपुर। क्षेत्र के बिंद गांव में स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह स्मृति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्ग महिला पुरुष एवं असहाय लोगों ने कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए कंबल पाकर किया प्रशंसा। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिभुवन सिंह एवं शिव भुवन सिंह तथा ग्राम प्रधान प्रमोद की उपस्थिति में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अध्यापिका ललिता सिंह आजाद सिंह राजेंद्र प्रसाद सिंह रिंकू सिंह क्षमा नाथ वर्मा दिनेश उपाध्याय राजेश सिंह विनोद कुमार समेत तमाम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज रविवार को विकासखंड सदर, ग्राम पंचायत जैतपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर एवं मेला का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र यादव विधायक जंगीपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक केवट प्रधान प्रतिनिधि एवं रविंद्र यादव पूर्व प्रधान उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के वैश्य तथा पशु चिकित्सा अधिकारी शुभा कर्पूर डॉ दिलीप यादव ने किया। शिविर में डॉ वैश्य ने विभाग की विभिन्न योजनाएं जैसे पशुधन बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन घटक एफएमडी टीकाकरण, मिशन 75 लाख कृत्रिम गभार्धान के बारे में विस्तार से जानकारी दी । जबकि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिलीप यादव द्वारा पशुओं के टीकाकरण एवं रखरखाव के बारे में किसानों और पशुपालकों को जानकारी दी गई। इस शिविर में 210 गाय भैंस, 1750 छोटे जानवर भेड़, बकरी में सामूहिक रूप से दवा पिलायी गई, 30 पशुओं का बधियाकरण किया गया जबकि 37 का बाझपन का उपचार किया गया।4पशुओं की सर्जरी भी की गई। इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव तथा नफीस अहमद पशुधन प्रसार अधिकारी, अभिषेक पैरावेट, शिव आदि उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस मॉडल तहसील पर दिया संवैधानिक आग्रह सांकेतिक धरना

बलिया। संविधान शासनादेश का अनुपालन करो, गोंड-खरवार को अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र जारी करो नारे के साथ ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस मॉडल तहसील पर संवैधानिक आग्रह सांकेतिक धरना दिया गया तत्पश्चात जिलाधिकारी महोदया माननीय सौम्या अग्रवाल जी के हाथों में पत्रक सौंपते हुए ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के अध्यक्ष मनोज कुमार शाह ने कहा कि भारत के राजपत्र संविधान (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) आदेश संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड, खरवार को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गयी है। उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के द्वारा भी इन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देश दिये गये हैं जिसका अनुपालन तहसीलदार व लेखपालगण द्वारा नहीं किया जा रहा है, जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक रूप से हीला-हवाली, परेशान व उत्पीड़न किया जा रहा

है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा उपजिलाधिकारी श्री प्रशान्त नायक जी को निर्देशित करते हुए शासनादेश के क्रम में जाति प्रमाण पत्र जारी करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के अध्यक्ष मनोज कुमार शाह ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में गोंड, खरवार छात्र नौजवानों को अगली कक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म भरने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

लेखपालगण द्वारा खुलेआम भारत के राजपत्र, संविधान व शासनादेश की अवहेलना/अवमानना की जा रही है। आगे कहा कि यदि संवैधानिक रूप से गोंड, खरवार को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी करना प्रारम्भ नहीं किया गया तो आन्दोलन के अगले क्रम में मॉडल तहसील का घेराव किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी तहसील प्रशासन व जिला प्रशासन की होगी।

सड़क किनारे बैठे बालक को तेज रफ़्तार पिकअप ने रौंदा, मौत

रसड़ा (बलिया)। थाना स्थानीय क्षेत्र के रसड़ा-मऊ मार्ग पर नारायणपुर गांव के पास शनिवार को सुबह करीब दस बजे सड़क के किनारे बैठे बालक को तेज रफ्तार पिकअप टक्कर मार दिया। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में बालक को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान बेकाबू पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गाड़ी व चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि नारायणपुर गांव निवासी डब्लू बांसफोर का दस वर्षीय पुत्र रोहित सड़क के किनारे बैठा था। तभी रसड़ा की ओर से मऊ जा रही तेज रफ्तार बोलेरोनुमा पिकअप ने बालक को रौंदते हुए सड़क के किनारे पलट गया। हादसे में बालक गंभीर

रूप से जख्मीं हो गया। परिजन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।बालक की मौत जानकारी होते ही परिजनों का रोते-बिलखते बुरा हाल हो गया।

संक्षिप्त खबरें

नादान परिंदे साहित्य मंच ने जरूरतमंद लोगों को कंम्बल वितरित किया

प्रखर वाराणसी। वाराणसी महानगर के लंका के शिव शक्ति काम्प्लेक्स स्थित नादान परिंदे साहित्यिक मंच के कार्यालय पर संस्थापक, अध्यक्ष डॉ. सुबाष चंद्र के अध्यक्षता में, संरक्षक श्रीप्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश, एक्स कर्नल गोविंद जी, कवि इंद्रजीत निर्भीक , पवन सिंह , झरना मुखर्जी , मीना मुखर्जी , अजीत पांडेय , डॉ कैलाश सिंह विकास , सुसमा मिश्रा, पूनम मिश्रा, संगीता शर्मा ,तारा यादव ,काली शंकर उपाध्याय, प्रद्युमन तिवारी, मधुसूदन तिवारी रंजीत राजपाल, सहित अनेकों विशिष्ट लोगों के गरिमामयी उपस्थिति में कंबल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में डा. सुबाष चंद्र ने कहा कि भीषण ठंड में हम सबको मानव धर्म का ध्यान रखते हुए यथा संभव हर संभव सहयोग इक दूजे का करते रहने की आवश्यकता है। धन्यवाद आभार संस्था की महासचिव झरना मुखर्जी ने किया।

गरीबों का मसीहा बनकर आए पत्रकार रितेश कुमार 60 से अधिक लोगों को कंबल वितरण किए

प्रखर दानगंज वाराणसी। चौबेपुर क्षेत्र के गरथौली में असहाय बृजुक महिलाओं को पत्रकार रितेश कुमार ने बाटा कंबल 50 लोगों को विकलांग असहाय बृजूक महिलाओं को कंबल वितरण कराया गया वहीं गांव की कुछ महिलाओं द्वारा यह निकल कर आया कि ग्राम सभा में पत्रकार रितेश कुमार के माध्यम से दूसरी बार कंबल वितरण हुआ जिसमें गांव के कुछ बूजूर्ग महिलाओं एवं पुरुष ने यह कहा कि हम गरीबों का कभी नहीं सोचा था कि उड़ने के लिए कंबल मिलेगा लेकिन पत्रकार रितेश कुमार ने सम्मानित साथियों के सहयोग से अपने क्षेत्र में कंबल वितरण किए वहीं उपस्थित रहे गांव के कुछ सम्मानित लोग एवं बुजुर्ग महिलाओं ने उपस्थित रहे। रमेश इंदिरा शांति मुन्नी सच्चो देवी दल्लू राम बुच्चा मिठ्ठू जित्तू सीला जोखन।आदि लोग उपस्थित रहे।वहीं मुख्य अतिथि बबलू चौबे उर्फ सुनील चौबे मनोज सरोज आनंद महराज ग्राम प्रधान अनिल कुमार सिंह रोजगार सेवक सिवसंकर यादव मनोज पांडे विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष उपस्थित रहे।

वर्षो से चारपाई पर पड़े युवक के घर पहुँच समाजसेवी ने दिया कंबल

प्रखर मेंहनगर आजमगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा निवासी बृजेश कुमार पुत्र रामाधार राम का सात वर्ष पूर्व कमर की हड्डी टूट जाने से एक ही विस्तर पर पड़ा है। रविवार को सूचना पाते ही अनुज गैस एजेंसी के संचालक/समाज सेवी प्रदीप कुमार सिंह ने पीड़ित के घर पहुँच कर ठंड से बचने के लिए कंबल व अन्य सामग्री देकर कुशल क्षेम पूछा। पीड़ित ने बताया कि आजतक ग्राम प्रधान से लेकर ,विधायक,सांसद किसी ने कोई मदद आज तक नही किया, जिसके वजह से रीढ़ की हड्डी टूटने के बाद लोहे की रॉड पड़ी थी पैसा के अभाव में लोहे की राड पिछले हिस्सा से बाहर निकल गई। जिसके कारण सात वर्ष से चारपाई पर पड़ा हुआ है। इस मौके पर प्रदीप सिंह,दिलीप सिंह,माजिद खान,दीपक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

डेहरी गांव को माडल गांव की तरह विकसित करना मेरा लक्ष्य : फरहान अहमद

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के डेहरी गॉव में पूर्वांचल विकास निधि योजना अंतर्गत बने इंटर लाकिंग व नाली के उद्घाटन कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फरहान अहमद ने कहा कि डेहरी गांव को माडल गांव की तरह विकसित करना मेरा लक्ष्य है मेरा मानना है कि देश तभी विकसित होगा जब गांव विकसित होगा इसी लक्ष्य को पूरा करना मेरा उद्देश्य है उन्होंने कहा कि अब तक के कार्यकाल में मैने दो सौ स्ट्रीट लाइट,12 सौ मीटर यूपाइप नाली, साढ़े चार सौ मीटर इंटरलाकिंग,25 सिमेंटेट कुर्सी,अमृत सरोवर कलना तालाब,हर घर जल अभियान के तहत पानी टंकी,स्कूल व पंचायत भवन एवं सुंदरीकरण,18 मुख्यमंत्री आवास,50 शौचालय,दो खड़ंजा मरम्मत कार्य समेत दस संपर्क मार्ग का निर्माण करवाया गया है।साथ ही अन्य महत्त्वाकांक्षी योजनाओ को लेकर बात चल रही है उन्होंने कहा कि डेहरी गांव जनपद में ही नही बल्कि देश में भी अपने हुनूर के बदौलत कला का जलवा बिखेर रहा है गांव के होनहार खिलाड़ी राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीतकर गांव को गौरवान्वित कर रहे है।मेरा सौभाग्य है कि मेरे परिवार को इस गांव का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।उन्होंने कहा कि काफी वर्षो से गांव में नाली व रास्ते को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था पूर्व विधायक दिनेश चौधरी के बदौलत आज डेहरी गांव को नाली व रास्ते से निजात मिल पाई है।

व्यापारी जीने के लिए लड़ रहा लड़ाई : इन्दू सिंह

प्रखर केराकत जौनपुर। नगर के कालीमाता मन्दिर परिसर में रविवार को शाम चार बजे उद्योग व्यापार मण्डल के नव निर्वाचित अध्यक्ष चन्दन सेठ व संगठन के पदाधिकारियों को प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इन्द्रभान सिंह (इन्दू) ने पद की गरिमा और गोपनीयता की शपथ दिलायी। साथ ही व्यापारियों की रहनुमाई का जिम्मा सौप दिया। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष इन्द्रभान सिंह (इन्दू) ने कहा कि जितना टेक्स हमारे देश मे वसूला जाता हैं उतना पूरे विश्व मे कही नही लिया जाता है, आज व्यापारी जीने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। ऑनलाइन व्यापार ने पूरी तरह से व्यापारियों को बर्बाद

कर दिया है। वही विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में आयी सपा विधायक मछलीशहर विधानसभा रागिनी सोनकर के कहा कि विश्व को आर्थिक रूप से सबल बनाने का काम एक व्यापारी करता है। देश एक बड़ा वृक्ष है तो व्यापारी उस वृक्ष की मजबूत शाखाये है। इस अवसर पर आरिफ हबीब, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, अब्दुल हक अंसारी,नीरज पहलवान,अरुण कुमार कमलापुरी, ताहिर खान, सपा नेत्री डॉ शबनम नाज, निजामुद्दीन , सूबेदार सोनकर, राजेश पाण्डेय, मकालू सोनकर, राजेश कसौधन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मकसूद अहमद ने व संयुक्त संचालन डॉ राजेन्द्र प्रसाद गुप्त व अवकाश प्राप्त प्रवक्ता विरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

विद्युत, टाइगर की ब्लॉकबस्टर

एंड पिक्चर्स साल की शुरुआत, एक्शन और कॉमेडी से भरपूर ब्लॉकबस्टर फिल्में करेंगी। विद्युत जामवाल फिल्म 'खुदा

हाफिज 2' के प्रीमियर के साथ रिपब्लिक डे पर आ रहे हैं। 16 जनवरी को टाइगर श्रॉफ की 'हीरोपंती' आ रही है। विद्युत वन मैन आर्मी हैरतअंगेज स्टंट, चुस्ती और फुर्ती से चौंका देती है।

30 रिलीज होने के लिए तैयार

30, 5 अप्रैल को दुनिया भर में रिलीज हो रही है। भीम (आरआरआर) के साथ प्रभावित करते है। नंदमुरी कल्याण राम फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं। निर्माण क्रमशः एनटीआर आर्ट्स और युवसुधाआर्ट्स के बैनर तले हरि कृष्ण के और सुधाकर मिकिलिनेनी द्वारा किया गया है। फिल्म के कलाकार और क्रू मेंबर्स इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के प्रमुख और प्रतिष्ठित टेक्नीशियन से भरे हुए हैं।

पठान का ट्रेलर

फिल्म पठान का ट्रेलर 10 जनवरी को सोशल मीडिया पर रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म के इर्द-गिर्द दिलचस्पी पैदा करना चाहते थे, जिससे ट्रेलर के लिए अधिक अपेक्षा और हिस्टीरिया पैदा हो जाए। पठान को बड़ी एक्शन फिल्म बताया जा रहा है, जिसे आदित्य चोपड़ा की महत्वाकांक्षी स्पाई यूनिवर्स है और इसमें सुपरस्टार शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम शामिल हैं। शाहरुख और दीपिका ने साथ में महाकाव्य ब्लॉकबस्टर ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस और हैप्पी न्यू ईयर में काम किया हैं।

कॉमिक सिबलिंग जोड़ी जेमी और जेसी लीवर

ओटीटी प्लेटफॉर्म, एमएक्स स्टूडियो ने दुबई इकोनॉमी एंड टूरिज्म के साथ तीन एपिसोडिक मिनी-सीरीज 'ए स्पिन अराउंड दुबई' में भाई-बहन, जेमी और जेसी लीवर, पैशन शेयर करते हैं। वे दुबई को चुनते हैं। सीरीज में नौ रोमांचक स्थानों पर विचित्र गतिविधियों की पड़ताल की गई है, जो भाई-बहन अपने हास्यपूर्ण ट्विस्ट के साथ करते हैं। गर्म हवा

के गुब्बारे में रेगिस्तानी सूर्योदय देखने से लेकर बुर्ज खलीफा के शानदार दृश्य के साथ फाउंटेन शो तक, या स्काई व्यू ऑब्जर्वेटरी की 53वी मंजिल पर एज वॉक का अनुभव करने के लिए, मास्टर शेफ विनीत भाटिया से मिला। जेमी लीवर ने कहा, यह हमारी एकसाथ पहली सीरीज है। उम्मीद है कि हम कामयाब रहे हैं। जेसी ने कहा, जेमी के साथ अद्भुत शहर और इसकी एड्रेनालाईन भरी गतिविधियों की खोज करने के अलावा यह अनोखा अनुभव था।

बाघ का नाम रखा रवीना

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन पशु प्रेमी भी हैं। अक्सर उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए इसकी झलक देखने को मिलती है। रवीना ने कड़ाके की इस ठंड में बेजुबानो की मदद को हाथ बढ़ाया। एक्ट्रेस ने कानपुर चिड़ियाघर में हीटर भेजे ताकि बेजुबानों की सर्दियां चैन से कट सकें। दिलचस्प बात यह है कि कानपुर प्राणी उद्यान में बाघ शावक का नाम उन्ही के नाम पर रवीना रखा गया है। रवीना टंडन ने यह ट्वीट रिट्वीट करते हुए आभार जताया है। रवीना टंडन ने लिखा है,कानपुर चिड़ियाघर की पहल शानदार है।

टीवी

मिट्टी के बर्तन बनाए रुत्पन्ना ने

अभिनेत्री रुत्पन्ना ऐश्वर्या जिन्हें दर्शक लड़ो 2, नागिन, थकपी प्यार की 2, जैसे कई टीवी शो और वेब सीरीज में देख चुके है, अब जिंग टीवी के शो 'प्यार तूने क्या किया' में आ रही है। रुत्पन्ना ऐश्वर्या का कहना है, इस शो की सबसे अच्छी बात मुझे लगाती है की यह एपिसोडिक शो है और कमाल की स्टोरी लाइन है। मेरे किरदार का नाम नीमाक्षी है, जो एनआरआई लड़की है मगर अपने देश और देश की सभ्यता से बहुत प्यार करती है। मैंने पारम्परिक तरीके से मिटटी के बर्तन बनाए और बनाते समय मुझे इस बात का एहसास हुआ की जो लोग इस बर्तन को बनाते है, वो कितनी मेहनत करते है।

आनंद लिया विभव रॉय ने

स्टार भारत में जनवरी के अंत तक 'मेरी सास भूत है' में सुष्मिता मुखर्जी मुख्य भूमिका में होंगी और लीड एक्टर है टैलेंटेड अभिनेता विभव रॉय। विभव ने 4 साल बाद वापसी की है विभव बताते है, मैं उत्साहित हूं। ड्रैमेडी मैंने पहले कभी नहीं आजमाया, इसलिए इस शैली का आनंद लिया है। मैं अपनी सीखने की क्षमता बढ़ाऊंगा। यह कहानी बनारस की पृष्ठभूमि पर बनी है।

यादों में लौट गए विशाल भारद्वाज

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल- सीजन 13' में ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'कुत्ते' के कलाकारों - अर्जुन कपूर, तब्बू, आसमान भारद्वाज, रेखा भारद्वाज और विशाल भारद्वाज का स्वागत किया। वडोदरा के कंटेस्टेंट शिवम सिंह फिल्म 'ओमकारा' के गाने 'नैना ठग लेंगे' पर परफॉर्मेंस दे। विशाल भारद्वाज ने कहा, जब मैं आपकी परफॉर्मेंस को सुन रहा था, तब मैं उस समय में

लौट गया, जब ये गाना बनाया जा रहा था। 'ओमकारा' को रिलीज हुए 15 साल हो गए हैं और मैं अभी उन बातों को याद कर सकता हूं। हम जब भी इस फिल्म के लिए गाने बनाते थे, तो हम इसे कार में सफर के दौरान बनाते थे। वो आगे बताते हैं, ये गाना कभी इस फिल्म में नहीं था और इसे प्लान भी नहीं किया गया था। कुमार मंगत से कहा कि 'ओ साथी रे' के बाद एक और रोमांटिक गाने की जरूरत है। मैं इसे टालना चाह रहा था क्योंकि इसकी रिलीज पहले तय हो चुकी थी। फिल्म में सीन था, जहां अजय और करीना फ्लैशबैक में नजर आते हैं, वहां मैंने गाना फिट करने का सोचा। मैंने गुलजार साहब से रिक्वेस्ट की और उन्होंने हमें एक लाइन का सुझाव दिया जो था 'नैना ठग लेंगे'। बाद में हमने राहत फतेह अली खान साहब को ढूंढा और उनसे ये गाना गवाया। और फिर हमने पूरे गाने को मिक्स करके रिलीज कर दिया। कुमार नहीं होते, तो ये गाना कभी नहीं होता।

लीड रोल निभाएंगे निमश

जी टीवी नया शो 'मैत्री' लेकर आ रहा है। प्रयागराज की पृष्ठभूमि में रचा, यह शो मैत्री ड्रामैटिक सफर है, जहां बचपन सेही पक्की सहेलियों का अटूट रिश्ता है। दोनों को यकीन है कि उनकी दोस्ती को कोई नहीं तोड़ सकता और शादी के बाद भी वो बेस्ट फ्रेंड्स बनी रहेंगी। श्रेनु पारिख, मैत्री का टाइटल रोल निभाएंगी, वहीं निमश तनेजा आशीष (नंदिनी के पति) के रोल में नजर आएंगे। वो सिद्धांतवादी आदमी है और हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद करने की कोशिश करता है। वो फैमिली मैन है, जो उसका बहुत ख्याल रखता है और आर्दशों से समझौता नहीं करता।

मानव ने ट्रक में की शूटिंग

जी टीवी का फिक्शन शो 'मैं हूं अपराजिता', में हाई-वोल्टेज ड्रामा के बीच, अक्षय अपराजिता को उनकी बेटी छवि की शादी वीर से कराने के लिए मनाने में लगे हैं। मानव बर्फीले ट्रक में फंस जाते हैं, मानव ने बिना किसी शिकायत के इस सीक्वेंस की शूटिंग की। मानव बताते हैं, मुझे थोड़ी फिक्र हो रही थी, क्योंकि मुझे कॉम्पैक्ट डीप फ्रीजर ट्रक में इसकी शूटिंग करनी थी। ड्राई आइस स्मोक की जरूरत थी, जो इतनी सीमित जगह में बड़ी अनकम्फर्टेबल होती है। मुझे बहुत मुश्किल हुई। लेकिन मैंने आगे बढ़कर इस सीन को 5 घंटे में पूरा किया, यह वाकई एक यादगार अनुभव था। मैं कह सकता हूं कि हमें हर दिन नई चीजों का अनुभव करने का मौका मिलता है, जिससे हमारी कला में निखार आता है।

रीना को पक्षियों है से प्यार

स्टार भारत में लॉन्च हुए शो 'आशाओ का सवेरा धीरे धीरे से' में सरल, मधुर किरदार निभाने वाली रीना कपूर वास्तविक जीवन में भी उतनी ही सरल और मधुर हैं। उन्हें प्रकृति, पर्यावरण और पक्षियों से उन्हें खास लगाव है। रीना कपूर कहती हैं, प्रकृति मेरा पहला प्यार है। मैं इसे निहारते हुए घंटों बिता सकती हूं और दुनिया में सबसे अच्छी आवाज प्रकृति की है। मैंने अपने घर की बालकनी में अपने हाथों से कुछ अलग करने की कोशिश की है जहां बहुत की खूबसूरत फूलों की क्यारी और उसमें चिड़िया का घोंसला भी लटकाया हुआ है ताकि पक्षी आकर वहां थोड़ा आराम करें, साथ ही कुछ खा और पी भी सकें। मेरा घर पहाड़ी के सामने है इसलिए बालकनी से सुंदर पहाड़ी की हरियाली देखना मुझे बहुत सुकून देता है। मैं अपना काफी समय पक्षियों को आते-जाते देखने में बिताती हूं। मुझे पालतू जानवर (पेट्स) बहुत पसंद हैं, लेकिन दुर्भाग्य से मेरे पास उनकी देखभाल करने का समय नहीं है इसलिए मैंने किसी को नहीं रखा। लेकिन मेरी इच्छा है कि पहाड़ियों में मेरा अपना फार्म हाउस हो जहां अपनी रिटायरमेंट में अपना पूरा समय प्रकृति और बहुत सारे पालतू जानवर के साथ बिता सकूं और उन्हें अपने साथ रख सकूं।

संगीत और प्रेम का जादू

कलर्स के आगामी फिक्शकन शो 'जुनूनियत' में संगीत और प्रेम की ताकत है। पंजाब की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में अंकित गुप्तु, गौतम सिंह विग और नेहा राणा जहान, जॉर्डन और इलाही की मुख्य भूमिकाओं में होंगे। जुनूनियत इलाही, जहान और जॉर्डन की कहानी है, जो म्यूजिक स्टाऔइल्सा को बहुत पसंद करते हैं, उनकी कोशिशें रोचक मोड़ पर ले आती हैं। गौतम सिंह विग ने कहा, संगीत की आकांक्षा रखने वाले के लिए प्रेम का भविष्या दिलचस्पी पैदा करता है। कई गानों से हम सभी की यादें जुड़ी हैं और यह शो प्यार और संगीत की हमारी यादों का जश्न है।

कशीदाकारी शैली की चिकनकारी

चिकनकारी को वेलवेट पर पेश करने के साथ 'शार्क टैंक इंडिया 2' में डेब्यू करने वाला 'हाउस ऑफ चिकनकारी', दिल्ली की मां-बेटी की जोड़ी द्वारा चलाया जाने वाला कपड़ों का ब्रांड है। बेगम नूरजहां, जिन्हें कुशल कशीदाकार कहा जाता था,

ने पारंपरिक कशीदाकारी शैली चिकनकारी की शुरु आत की थी। दिल्ली की पूनम रावल और आकृति रावल, जो 'हाउस ऑफ चिकनकारी' के साथ अन्य फैब्रिक के अलावा, चिकनकारी को वेलवेट में पेश करती हैं। शार्क्स ने उनके उद्देश्य की सराहना की। 1% इक्विटी के बदले में 75 लाख रुपए की मांग की।

भावना बनी बुआ

भावना बलसावर प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं जो कई टीवी शोज और फिल्मों का हिस्सा रही हैं। भावना बलसावर जल्द ही स्टार भारत के शो 'मेरे सास भूत है' में नजर आएंगी। भावना बुआ 'कंचन' का किरदार निभाएंगी, जो अलग किरदार हैं। भावना बताती

हैं, मैं कंचन बुआ का किरदार निभा रही हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। कंचन बाहर से बहुत सीधी और प्यारी हैं, लेकिन अंदर से बहुत टेढ़ी हैं। उनके हास्यपूर्ण कैनवास पर नकारात्मकता के रंग बिखरे हुए हैं। यह कंप्लीट पैकेज है।

मेरा आना अचानक हुआ रिचा

जी टीवी का शो 'रब से है दुआ' दुआ का सफर दिखाता है, जिसकी शादी हैदर से हुई है। गजल (रिचा राठौर) फरमाती हैं कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी एक्टिंग में आने का नहीं सोचा था। रिया इंजीनियर हैं और एक्टिंग में उनका आना महज इत्तेफाक था। रिचा राठौर बताती हैं, मुझे लगता है कि 'तमशा' मेरी जिंदगी का टर्निंग पइंट थी। मैंने महसूस किया कि एक्टिंग करना कुछ ऐसा है, जिसमें मुझे बहुत मजा आता है। मैंने अलग-अलग अडिशन्स देने शुरू कर दिए, जिससे पैन के रूप में एक्टिंग में मेरी दिलचस्पी जागी। मैं अपनी नौकरी छोड़कर शिमला से मुंबई आ गई। इंजीनियर से एक्टर बनना कभी मेरे प्लॉन में शामिल नहीं था। मैंने महसूस किया कि मैं एक्टिंग करने के लिए बनी हूं।

रुश्द की शादी

'कुमकुम भाग्य' के सभी कलाकार वेडिंग सीस की शूटिंग कर रहे हैं और असल जिंदगी में अपने को-एक्टर रुश्द राणा की शादी में शामिल होने जा रहे हैं। कृष्णा कौल ने बताया कि वो अपने ऑन-स्क्रीन पिता (रुश्द राणा) की वेडिंग को लेकर खुश

हैं। कृष्णा कौल बताते हैं, मुझे लगता है कि रुश्द मेरे परिवार का हिस्सा हैं, मेरा उनके साथ बड़ा खास रिश्ता है। जब उन्होंने हमें अपनी शादी के बारे में बताया, तो हमें उनके लिए बहुत खुशी हुई और हम सभी उनकी जिंदगी के इस खास दिन का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। लग रहा है जैसे मेरे असली पिता की वेडिंग है।

'उचियां ने गल्लां तेरे यार दियां' की शूटिंग पूरी

'कस्मित 2', मैं विआ नहीं करोना तेरे नाल', 'शौंक सौंकने' जैसी हिट के बाद, जी स्टूडियोज ने गिप्पी ग्रेवाल और तानिया अभिनीत मेगा-फिल्म 'उचियां ने गल्लां तेरे' की शूटिंग पूरी की। जैस्मीन सैंडलस ने एक ट्रैक को अपनी आवाज भी दी है। यह फिल्म दलित व्यक्ति के बारे में है, जो हकलाने की वजह से डराने-धमकाने का साहस करता है, बाधाओं को पार करता है और सफल होता है। पंकज बत्रा द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 8 मार्च को रिलीज होगी, इसमें गिप्पी ग्रेवाल, तानिया, राजदीप शोकर, रेणु कौशल, श्वेता तिवारी, अनीता देवगन, निर्मल ऋषि और हरदीप गिल हैं।

टॉप 16 होम कुक्स

इंडिया के अल्टिमेट मास्टरशेफ की खोज के लिए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' लेकर आया है। देशभर में यात्रा करके होम कुक्स की तलाश की, जिन्होंने लजीज डिशेज पेश की। जाने-माने शेफ्स, रणवीर बरार, गरिमा अरोड़ा और विकास खन्ना की कसौटी पर परखा गया। टॉप 36 में से टॉप 16 होम कुक्स को चुन लिया गया है। कोलकाता से प्रियंका कुंडू बिस्वास, चेन्नई से अरुणा विजय, मुंबई से उर्मिला जमनादास, बैंगलोर से प्रिया विजान, कोलकाता से द्युति बनर्जी, भुवनेश्वर से अविनाश पटनायक, जागीरोड विल अमलीघाट से संता सरमाह, गुवाहाटी से नाजिया सुल्ताना, सिरसा से गुरकीरत सिंह, गाजीपुर सिटी से यशु वर्मा, लुधियाना से कमलदीप कौर, लखनऊ से सचिन खटवानी, मुंबई से सुवर्णा विजय बागुल, बैंगलोर से दीपा चौहान, तिनसुकिया से नयनज्योति सायका और लखनऊ से विनीत यादव शामिल हैं।

बख्तियार ईरानी कैमियो में

सोनी सब का 'वागले की दुनियाः नई पीढ़ी नए किस्से ' में छेड़छाड़ की सामाजिक समस्य दिखाई, जिसकी देश में हर महिला को चिंता रहती है। एक्टखर बख्तियार ईरानी मशहूर फैशन फोटोग्राफर के तौर पर एंट्री लेंगे। बख्तियार ट्विस्ट्सक लेकर आते हैं। बख्तियार ने कहा, मैं वापसी को लेकर बहुत खुश हूं। यह किरदार कैमियो है और महत्वपूर्ण नैरेटिव का हिस्सा बनेगा मैं पहली बार ग्रे शेड वाला किरदार निभा रहा हूं और यह मेरे लिए थोड़ा चुनौती वाला रहेगा, क्योंकि मैं असल में इसके उलट हूं।

कुमार सानू से की गुजारिश

जी टीवी का सारेगामापा लिटिल चैंप्स के 9वें सीजन में कम्पोजर एवं सिंगर पद्मश्री कुमार सानू 'सुपर हिट्स ऑफ कुमार सानू' नाम के स्पेशल एपिसोड दिल जीत लिया। कुमार सानू ने कहा, मैं इस तरह की परफॉर्मेंस की उम्मीद नहीं कर रहा था। रॉकस्टार की तरह गाते हुए देखकर बहुत बढ़िया लगा। मैंने इतने वर्षों में इंडस्ट्री के बहुत-से सिंगर्स के साथ गाने गाए हैं और आज मुझे इस मंच पर परफॉर्म करके बहुत अच्छा लग रहा है।

ध्रुव तारा- समय सदी से परे

यह शो दो अलग-अलग युगों के साथ आने की गाथा है, जिनके बीच 400 साल का अंतर है। सोनी सब के शो की यह प्रेम की ऐसी गाथा लॉन्चा होगा। यह कहानी ध्रुव और तारा की है। ध्रुव का किरदार ईशान धवन अदा करेंगे, जो डॉक्टर है और टेक्नोलॉजी से घिरा रहता है। ध्रुव जीनियस है और अपने पेशे से बहुत प्यार करता है। ईशान ने कहा,यह दो युगों के बीच का अंतर दिखाता है। मैं इस नए सफर की शुरूआत को लेकर और ऐसी कहानी में काम करके बहुत रोमांचित हूं, जो समय से परे है।

नारीत्व की शक्ति मिली : हिना

हिना खान खुश हैं कि रंगमंच से जुड़ने का उनका सपना पूरा हो गया। हिना नजर आएंगी जी थिएटर के टेलीप्ले 'षड़यंत्र' में, जिसमें वह नताशा की भूमिका निभा रही हैं। जो कंस्ट्रक्शन कंपनी की मालकिन है। हिना कहती हैं, नताशा का किरदार निभाने से मुझे नारीत्व की शक्ति और गहराई से जुड़ने में मदद मिली और भावनात्मक रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन मैंने बहुत कुछ सीखा। हिना कहती हैं, 'षडयंत्र' रहस्यपूर्ण, मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जिसमें कई आश्चर्यजनक मोड़ हैं। चंदन रॉय सान्याल, गणेश यादव और कुणाल जैसे अनुभवी रंगमंच के कलाकारों के साथ काम करने का भी ये अच्छा अवसर था और मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा।

पतंग महोत्सव -2023



अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय काइट फेस्टिवल का राज्यपाल आचार्य देवव्रत लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य समेत गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। पतंग महोत्सव में 56 देशों के पतंगबाज शामिल होंगे।

हरियाणा में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में धक्का-मुक्की

किरण चौधरी घायल

चंडीगढ़,, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गंधी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को धक्का-मुक्की में कई कार्यकर्ताओं के कपड़े फट गए। इस दौरान वरिष्ठ नेता किरण चौधरी चोटिल हो गई। किरण को करनाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन था। यह यात्रा करनाल के निकट मधुबन पहुंची तो राहुल के सुरक्षा घेरे में प्रवेश करने के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ बेकाबू हो गई। राहुल के साथ चल रही पूर्व सीएलपी लीडर एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी भीड़ में फंस गई। उनके पैर में चोट आई है। उन्हें करनाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है।

हावड़ा से आईएस से संबद्ध दो आतंकी दबोचे

हावड़ा, (एजेंसी)। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने हावड़ा में दो आतंकियों को पकड़ा है। इनका संबंध कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से रहा है। इन्हें शुक्रवार को ही पकड़ा गया था। शनिवार को इन्हें कोर्ट में पेश किया गया है जहां से 19 जनवरी तक के लिए पुलिस रिमांड पर ले लिया गया है।पाकिस्तान समेत मध्य पूर्व के कई देशों के हैंडलर उनके संपर्क में थे। पुलिस गिरफ्तार दोनों को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इनमें से एक का नाम मोहम्मद सद्दाम है जो टिकियापाड़ा के आफताबुद्दीन मुंसी लेन का रहने वाला है। उसने एमटेक किया है। दूसरे का नाम सईद हुसैन है।

साहित्यकार भाईचारे बचाए रखने की प्रेरणा देता है

जयपुर (ब्यूरो)। राजस्थान साहित्य अकादमी, काव्या राजस्थान चेप्टर और सुरुचि केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में लेखक से मिलिये कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ कवि, संपादक, विधिवेत्ता और सौ से अधिक पुस्तकों के लेखक डॉ. संजीव कुमार के साथ वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध कुमार गोविल और फारूक आफरीदी ने संवाद किया। उन्होंने साहित्यिक सफर से श्रोताओं को रूबरू कराते हुए कहा कि नवोदित लेखकों को अपने पुरोधाओ की कृतियों का गंभीरता से अध्ययन कर उसमें अपने अनुभवों के आधार पर रचनाओं से समाज को कुछ ऐसा नया साहित्य देना चाहिए जिससे मनुष्यता और संवेदनाएँ बची रहें। साहित्यकारों का धर्म है कि वे ऐसी विरासत नई पीढ़ी को सौंपे। जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत मजबूत हो। समाज में करुणा, भाईचारा और सहिष्णुता और मनुष्य ताकी रक्षा का मार्ग साहित्यकार ही बताता है।

शहर कोतवाल अमर सिंह रघुवंशी का हुआ निधन

प्रयागराज, (ब्यूरो)। राष्ट्रीय उद्योग व्यापार मंडल

राष्ट्रीय युवा व्यापार मंडल राष्ट्रीय महिला व्यापार मंडल ने शहर कोतवाली में तैनात पुलिस इस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी जी का सड़क दुर्घटना में निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करते हुए राष्ट्रीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश केसरवानी ने व्यापारियों को बताया कि इंस्पेक्टर कोतवाली अमर सिंह रघुवंशी जी का व्यापारियों के ऊपर पूर्ण सहयोग रहता था उन्होंने हमेशा व्यापारियों के हित में कार्य किया है। ऐसे इंस्पेक्टर को कभी व्यापारी भुला नहीं पाएंगे। शोक प्रकट करने वालों में सैफ अहमद, संजय कपूर गप्पू भैया, फिरोज अहमद आदि हैं।

बसपा के पूर्व मंत्री कुरैशी को न्यायिक हिरासत में भेजा

मेरठ/नई दिल्ली,(एजेंसी)। उप्र की बसपा सरकार में मंत्री रहे 50 हजार के इनामी हाजी याकूब कुरैशी और उनके बेटे इमरान कुरैशी को दिल्ली से गिरफ्तार कर शनिवार को मेरठ कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि हाजी याकूब कुरैशी और उनके पुत्र इमरान कुरैशी दोनों को दिल्ली के चांदनी महल क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां किराये के फ्लैट में रह रहे थे, जिन्हें एसओजी की टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया। इसका समाचार मिलते ही शनिवार को यहां खरखौदा थाने के आस पास हाजी याकूब के समर्थकों और बसपा कार्यकर्ताओं का भारी जमावड़ा लग गया। पुलिस अधीक्षक अपराध अमित कुमार ने बताया कि हाजी याकूब कुरैशी और इमरान कुरैशी को खरखौदा थाने में रखा गया था, जहां उनसे पूछताछ के बाद मेरठ की अदालत में पेश किया गया।

आज का इतिहास

- **1026:** सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूट कर उसे नष्ट कर दिया।
- **1697:** ब्रिटेन में आखिरी बार ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड दिया गया।
- **1790:** अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया।
- **1884:** समाज सुधारक और 'ब्रह्म समाज' के संस्थापकों में से एक केशव चन्द्र सेन का निधन।
- **1856:** डॉ. जॉन वीच ने हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट की खोज की।
- **1889:** हर्मन होलैरिथ को पंच कार्ड। टैब्युलेटिंग मशीन के आविष्कार का पेटेंट मिला।
- **1890:** हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म।
- **1908:** प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निडर नाडिया का जन्म।
- **1925-** प्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश का जन्म।

सीएम धामी ने किया जोशीमठ भू-धंसाव क्षेत्रों का निरीक्षण

सीएम धामी ने शनिवार को पूरे क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी किया और उसके बाद जोशीमठ की गलियों में उतर कर मकानों का हाल भी जाना। यही नहीं प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि सरकार उनका पूरा ध्यान रखेगी।

आपदा मद में 11 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई

देहरादून, (एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जोशीमठ भू-धंसाव क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण एवं पीड़ितों से मुलाकात के बाद वापस देहरादून पहुंचने पर सचिवालय स्थित आपदा प्रबन्धन केन्द्र में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।

श्री धामी ने निर्देश दिये कि जोशीमठ भू धंसाव से पीडित लोगों की मदद एवं राहत एवं बचाव के साथ विकास कार्यों के अनुश्रवण हेतु अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन स्तर पर तथा आयुक्त गढ़वाल की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर पर समन्वय समिति का गठन तत्काल किया जाये। यह समिति क्षेत्र में किये जा रहे सभी कार्यों का निरन्तर अनुश्रवण करेगी ताकि पीडितों की हर सम्भव मदद तथा क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लायी जा सके।

मुख्यमंत्री के सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम और आयुक्त गढवाल मण्डल सुशील कुमार रविवार से जोशीमठ में कैम्प करेंगे। मुख्यमंत्री ने पीडितों की मदद के लिये आपदा मानको से हट कर भी मदद किये जाने तथा सी.एस.आर के तहत भी राहत की व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत कार्यो की स्वीकृति आदि के लिये उच्चाधिकार समिति के गठन की भी बात कही ताकि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी से कार्य हो सके। जोशीमठ को भूस्खलन एवं भूधंसाव क्षेत्र घोषित करने के साथ जिलाधिकारी चमोली का आपदा मद में 11 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। श्री धामी के निर्देश पर निदेशक, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द (एनआरएससी) हैदराबाद तथा निदेशक भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (आईआईआरएस) से जोशीमठ क्षेत्र का विस्तुत सेटेलाइट इमेज के साथ अध्ययन कर फोटोग्राफस के साथ विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने सातवें आरोपी अंकुश को दी जमानत

शुक्रवार को किया था आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की रोहिणी अदालत ने इस मामले के सातवें आरोपी अंकुश को जमानत दे दी है। छह अन्य आरोपी पुलिस हिरासत में हैं। अंकुश ने शुक्रवार को सुल्तानपुरी थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था। अंकुश को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने उसे 20 हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी है। अंकुश पर आईपीसी की धारा 201/212 पर केस चल रहा है।

पुलिस रोज बदल रही कहानी: पुलिस कंझावला मामले में बिल्कुल नौसिखिए की तरह जांच कर रही है। यही वजह है कि पुलिस रोज एक नई कहानी मीडिया के सामने लेकर आ रही है। वारदात के तुरंत बाद पुलिस ने आनन-फानन में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर केस सुलझाने का दावा किया। समय बीतने के साथ हर दिन पुलिस नई थ्योरी और कहानी के साथ सामने आई।

जानकारों का कहना है कि गैर पेशेवर तरीके से की गई जांच इसकी बड़ी वजह है। हादसे के छह दिन बाद शुक्रवार को पुलिस ने दावा किया है कि अंजलि को जिस कार से घसीटा गया था उसमें पांच नहीं, चार आरोपी मौजूद थे। अगर जांच में सतर्कता बरती गई होती तो इस तथ्य का पता सीडीआर की मदद से पहले ही दिन लग सकता था। उधर, पुलिस ने इस मामले में अंजलि की सहेली निधि को थाने बुलाकर पूछताछ की।

कंझावला केस की मुख्य गवाह निधि पर ड्रग तस्करी का आरोप

नई दिल्ली/आगरा, (एजेंसी)। दिल्ली में सुल्तानपुरी के कंझावला केस की मुख्य गवाह निधि को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जीआरपी के रिकॉर्ड के मुताबिक, निधि दो साल पूर्व 6 दिसंबर 2020 में ड्रग तस्करी मामले में आगरा के रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार की गई थी। वो दिल्ली निवासी दीपक के कहने पर गांजा लेने के लिए सिकंदराबाद गई थी। उसके साथ दो साथी समीर और रवि भी गिरफ्तार किए गए थे। निधि एक महीने तक जेल में रही थी। वह जमानत पर रिहा हुई थी। निधि आगरा कैंट स्टेशन पर समीर और रवि के साथ प्लेटफार्म नंबर 2/3 पर ट्रेन से उतरी थी। सुबह 10 ।55 बजे आरपीएफ और आगरा कैंट जीआपी की टीम स्टेशन पर चेकिंग कर रही थी।

रूस ने सेवस्तोपोल में दो ड्रोन को मार गिराया

प्रांत के गवर्नर मिखाईल रजवोझायेव ने दी जानकारी

मास्को, (एजेंसी)। रूसी के क्रीमिया में सेवस्तोपोल के ऊपर वायु रक्षा प्रणालियों ने एक मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) ड्रोन को मार गिराया गया है। प्रांत के गवर्नर मिखाईल रजवोझायेव ने शनिवार को यह जानकारी दी।

श्री रजवोझायेव ने शनिवार तड़के टेलीग्राम पर कहा, कि वायु सेना रक्षा प्रणालियों ने उत्तरी पियर के ऊपर एक यूएवी को मार गिराया। इससे पहले बुधवार को उन्होंने कहा था कि सेवस्तोपोल के पास स्थित बेलबेक हवाई क्षेत्र के पास काला सागर के ऊपर दो ड्रोन को मार गिराया गया है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन ने अक्टूबर में सेवस्तोपोल में काला सागर में रूसी जहाजी बेड़े पर ड्रोन हमला किया था।

अमेरिका यूक्रेन को 4,000 जूनी रॉकेट प्रदान कर रहा है: कूपर

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका यूक्रेन को उसकी वायु सेना के इस्तेमाल के लिए 4,000 जूनी रॉकेट उपलब्ध करा रहा है। रूस, यूक्रेन और यूरेशिया के लिए अमेरिका की उप रक्षा सचिव लौरा कूपर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जूनी रॉकेट का उपयोग फिक्स्ड या रोटरी-विंग एयरक्राफ्ट के साथ किया जा सकता है। रॉकेट कम दूरी तक मार कर सकने वाले हैं, लंबी दूरी के नहीं।

बार या सर्विसेस जज के ठप्पे के साथ नहीं जाता ट्रांसफर जज

हाईकोर्ट की नियुक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, (एजेंसी)। हाईकोर्ट में जजों की रिक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम स्पष्टीकरण जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि एक अदालत से दूसरी अदालत में जाने वाला जज बार या सर्विस जज के ठप्पे के साथ नहीं जाता है। ऐसे में उसे सिर्फ ट्रांसफर जज के तौर पर देखा जाना चाहिए।

न्यायाधीश संजय किशन कौल और अभय एस ओका की पीठ ने कहा, यह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वह रिक्तियों का वर्गीकरण किस प्रकार करता है। कोर्ट ने कहा, स्थानांतरण की प्रणाली कैसे संचालित होगी, इस पहलू को स्पष्ट कर दिया गया है। हालांकि, इस बारे में कुछ संदेह व्यक्त किए गए हैं। अदालत ने कहा, जब स्थानांतरण के लिए सिफारिशें लागू नहीं की जाती हैं, तो आगे की सिफारिशें यह स्थानांतरण में भी देरी हो जाती है। इस दौरान अदालत ने इस तथ्य की सराहना की कि प्रत्येक उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या स्वीकृत है। इसमें 2/3 न्यायाधीश बार से और 1/3 जज जिला न्यायिक सेवा से हैं। ऐसे में जब एक जज को एक हाईकोर्ट से दूसरे हाईकोर्ट में ट्रांसफर किया जाता है, तो वह बार जज या सर्विस जज के लेबल के साथ नहीं जाता। वह ट्रांसफर जज के रूप में हाईकोर्ट जाता है।

सीजेआई चंद्रचूड़ होंगे सम्मानित: सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। हार्वर्ड लॉ स्कूल सेंटर द्वारा उन्हें देश और दुनिया भर में कानूनी पेशे के लिए आजीवन सेवा के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार उन्हें 11 जनवरी को एक ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

नोएडा मेट्रों का संचालन रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार : सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को पर्यावरणीय मंजूरी के लिए नोएडा मेट्रो का संचालन रोकने से इनकार कर दिया है। अदालत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के 31 मई, 2016 के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

बिहार में जाति व आर्थिक गणना का काम शुरू

पटना, (एजेंसी)। बिहार में जाति और आर्थिक गणना का काम शनिवार से शुरू हो गया । आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि जाति और आर्थिक गणना का काम दो चरणों में कराया जाएगा । पहले चरण में मकानों की गिनती होगी । उसके बाद जाति आधारित गणना और आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण का काम होगा । पहला चरण 07 जनवरी से 21 जनवरी तक होगा और उसके बाद दूसरा चरण 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा । इस काम पर करीब 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह राशि बिहार आकस्मिकता निधि से दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इस राशि में वृद्धि भी की जा सकती है । जाति आधारित गणना कराने की जिम्मेदारी सामान्य प्रशासन विभाग को दी गई है और इसके लिए कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।

जीएम ने किया माघ मेला के कैंप का निरीक्षण

प्रयागराज मंडल द्वारा शनिवार को लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

प्रयागराज, (ब्यूरो)। शनिवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक ने माघ मेला क्षेत्र में प्रयागराज मंडल द्वारा लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में उन्होंने कैंप में बने आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर, सहयोग काउंटर को देखा इसी क्रम में विभिन्न विषयों जैसे भारतीय रेल के अतीत, वंदे भारत एक्सप्रेस, स्टेशन री डेवलपमेंट, डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर आदि विषयों पर लगाई गई प्रदर्शनी का महाप्रबंधक द्वारा अवलोकन किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने वहां पर प्रदर्शित किए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलों एवं अन्य सुविधाओं का भी अवलोकन किया, इस अवसर पर महाप्रबंधक ने साफ सफाई को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक माघ मेले की सुरक्षा हेतु राज्य सरकार द्वारा स्थापित आईसीसीसी का भी अवलोकन किया तथा प्रयागराज संगम स्टेशन पर भी माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इसी क्रम में माघ मेले की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने के दृष्टिगत प्रयागराज जंक्शन पर बनाए गए कंट्रोल टावर का भी महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक मंडल मोहित चंद्रा, प्रयागराज मंडल की टीम के साथ उपस्थित रहे।

उपलब्धि सीएम गहलोत ने झालाना संस्थानिक क्षेत्र में सेंटर का किया अवलोकन

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर की सौगात जल्द

130 करोड़ रुपए से तैयार हो रहा है अत्याधुनिक सेंटर

जयपुर, (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने झालाना संस्थानिक क्षेत्र में निर्माणाधीन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का अवलोकन किया। उन्होंने शनिवार को सेंटर पहुंचकर अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

श्री गहलोत ने कहा कि इसे दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। इसका जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। यहां पर कला-संस्कृति, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी व संचार सहित विभिन्न तरह की सरकारी व गैर सरकारी गतिविधियां हो सकेंगी। जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त रवि जैन और अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सेंटर के कार्यों से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2013 में मुख्यमंत्री ने सेंटर का शिलान्यास किया था। मुख्यमंत्री के साथ नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री शांति कुमार धारीवाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास श्री कुंजीलाल मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सेंटर का निरीक्षण किया।

सेंटर में कई खास सुविधाएं

यहां पर 700 व्यक्तियों की क्षमता का सभागार, 500 क्षमता का कन्वेंशन सेंटर, 170-170 बैठक क्षमता के दो मिनी सभागार, 500 क्षमता का एग्जीबिशन एरिया, तीन कॉन्फ्रेंस हॉल, ई-लाइब्रेरी, तीन लैक्चर हॉल, दो रेस्टोरेंट, प्रशासनिक सेक्शन, डबल बेसमेंट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। यहां पर एक गेस्ट हाउस भी बनेगा, जिसमें जिम की सुविधा भी होगी। सेंटर का आंतरिक निर्माण राजस्थान की स्थापत्य कला की तर्ज पर हो रहा है। सभागार की दीवारें जैसलमेरी पैटर्न अनुरूप होंगी। कन्वेंशन हॉल एवं प्री-फंक्शनल एरिया में सिटी पैलेस जयपुर के आधार पर हॉल एवं हवामहल जयपुर स्टाइल के आधार पर दीवारें दिखेंगी। मारवाड़ पैटर्न पर मिनी सभागार तैयार हो रहा है। जोधपुर के मंडोर उद्यान की पुरातन कला के मेहराब एवं स्मारक अनुरूप कॉन्फ्रेंस हॉल, अत्याधुनिक इंटीरियर पैटर्न के अनुरूप लैक्चर हॉल और रेस्टोरेंट तैयार हो रहा है।

आईआईएम इंदौर और शुआट्स के बीच करार

प्रयागराज, (ब्यूरो)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विवि (शुआट्स) और आईआईएम इंदौर ने एग्री बिजनेस क्षेत्र में जवाइंट सर्टिफिकेशन कोर्स शुरू करने और किसानों की आय बढ़ाने के सरकार के सपने को साकार करने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह करार किसानों की आय बढ़ाने के सरकार के सपने को साकार करने में मददगार होने के साथ-साथ एग्री-बिज़नेस क्षेत्र में शोध कर रहे छात्रों, वैज्ञानिकों के लिए भी फायदेमंद होगा और इस इसके परिणामों से कृषक समुदाय को दूरगामी लाभ होंगे। शुआट्स के प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो जोनाथन ए लाल और निदेशक आईआईएम प्रोफेसर हिमांशु राय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रो जोनाथन ए लाल ने बताया कि एमओयू के अंतर्गत दोनो संस्थाए साथ मिलकर एग्री-बिज़नेस के क्षेत्र में जवाइंट सर्टिफिकेट कोर्स करेंगी।

भोपाल होगा खेलों का हब, खेल बनेगा करियर: मुख्यमंत्री

खेलो इंडिया यूथ गेम्स की टॉर्च, मैस्कॉट और एंथम हिंदुस्तान का दिल धड़का दो लॉन्च

भोपाल । शनिवार को भोपाल के शौर्य स्मारक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के पांचवें संस्करण का मैसकॉर्ट, टॉर्च और थीम सॉन्ग हिंदुस्तान का दिल धड़का दो का अनावरण किया। इस मौके पर केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रामाणिक, खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग सहित मंत्रीगण पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और बृजेंद्र सिंह यादव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि भोपाल को खेलों का हब बनाया जाएगा। प्रदेश में खेल अब करियर बनेगा।

जनवरी माह मध्य प्रदेश के लिए गोल्डन माह है। इस माह हो रहे कई आयोजनों से मध्य प्रदेश उत्साह और उमंग से भरा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन से प्रदेश में खेलमय वातावरण है। मैं खिलाड़ियों से आव्हान करता हूं कि खूब पढ़ो और खेलो भी। खेलों के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मंच पर खेला इंडिया एंथम हिंदुस्तान का दिल धड़का दो पर डांस भी किया। 30 जनवरी से 11 फरवरी तक होने वाले इस आयोजन में 13 दिन तक आठ अलग।अलग शहरों के 23 गेम वेन्यू में छह हजार से ज्यादा खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम में ड्रोन और लेजर शो से खेलो इंडिया के अद्भुत रंग देखा गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पांचवां संस्करण प्रदेश के आठ शहर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और खरगोन महेश्वर में होगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कुल 27 खेल के मुकाबले होंगे।

अंतरराष्ट्रीय पदक लाने पर प्रशिक्षण के लिए मिलेंगे पांच लाख रुपए

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय और ओलम्पिक खेलों में जीतकर आएगा, मध्य प्रदेश सरकार की ओर से उसे पांच लाख रुपए प्रशिक्षण के लिए दिए जाएंगे। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल भी कैरियर होगा।

प्रदेश के खिलाड़ी रचेंगे इतिहास

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश इस आयोजन में एक नया इतिहास रचने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगा। मध्य प्रदेश खेलों में बेहतर प्रदर्शन करेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का अद्भुत कार्यक्रम होगा। प्रतिस्पर्धा में मध्य प्रदेश आगे रहे इसलिए प्रदेश के खिलाड़ी अभी से प्रेक्टिस करें।

यंग इंडिया से स्पोर्टस इंडिया बनाने में लगे प्रधानमंत्री: प्रामाणिक

केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रामाणिक ने कहा कि मध्य प्रदेश खूबसूरत और विविधताओं से भरा हुआ है। मध्य प्रदेश महाकाल के आशीर्वाद से भरा है। पांचवे खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन मध्य प्रदेश में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत की युवा शक्ति को साथ लेकर यंग इंडिया से स्पोर्टस इंडिया बनाने में लगे हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री और खेल मंत्री के प्रयास से बहुत ही कम समय में खेल क्षेत्र में मध्य प्रदेश में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों को मध्य प्रदेश से प्रेरणा और सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार का खेलो इंडिया पिछले सभी रिकार्ड तोड़ेगा।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम जीरो से हीरो बन रहे: खेलमंत्री

खेल एवं युवक कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में हम जीरो से हीरो बन रहे हैं। भोपाल को स्पोर्टस हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि खेलों को गांव-गांव पहुंचाना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रिमोर्ट का बटन दबाकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग लॉच किया। अमरकंटक मशाल स्मार्ट टॉर्च को रवाना किया। आकाश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का संदेश देने के लिए लेजर प्रदर्शन हुआ।

मशाल या टॉर्च का नाम अमरकंटक

खेलो इंडिया की मशाल या टॉर्च को अमरकंटक नाम दिया गया है। मशाल पर मां नर्मदा की आकृति है। यूथ गेम्स में पहली बार स्मार्ट टार्च प्रयोग में लाया गया है। देश में यह प्रयोग पहली बार किया जा रहा है। पवित्र मशाल में मां नर्मदा का निर्मल जल धारा लिपटी है, जो बताती है कि मां नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा हैं। खेलो इंडिया का एंथम हिंदुस्तान का दिल धड़का दो को मशहूर गायक शान ने जोशपूर्ण आवाज दी है, जो खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करती है। मध्य प्रदेश टाइगर स्टेट से अब चीता स्टेट भी कहलाने लगा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के मैस्कॉट आशा चीते की रफ्तार के साथ दौड़ते हुए लक्ष्य साधने का संदेश देती है। आशा मैस्कॉट का मित्र मध्य प्रदेश के सिवनी के पेंच नेशनल पार्क का हीरो मोगली है। ग्लोबल स्टार मोगली आशा का स्वागत मध्य प्रदेश में कर रहा है। मोगली के साथ आने से खेलो इंडिया गेम्स से युवा और बच्चे भी जुड़ रहे हैं।

सूर्यकुमार का टी-20 में तीसरा शतक

भारत ने श्रीलंका को अंतिम टी-20 मैच में 91 रनों से हराकर तीन मैच की सीरीज 2-1 से अपने नाम की

राजकोट (एजेंसी)। मैन ऑफ द मैच सूर्यकुमार यादव के टी-20 अंतरराष्ट्रीय करिया के तीसरे शतक के बदौलत भारतीय टीम श्रीलंका को अंतिम मैच में 91 रनों से हराकर साल की पहली सीरीज जीती। इसके साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैच की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। निर्णायक मैच में 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 16.4 ओवर में सिर्फ 137 रनों पर ही ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम को पथुम निसांका (15) और कुसल मेंडिस (23) ने तेज शुरुआत देते हुए 4.5 ओवर में 44 रन जोड़े। हालांकि, इसके बाद श्रीलंकाई पारी लड़खड़ा गई। श्रीलंका के लिये लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। कप्तान दसुन शनाका और कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। इसके अलावा अविष्का फर्नांडो एक रन, धनंजय डी सिल्वा ने 22 रन चरिथ असालंका ने 19 रन का योगदान दिया।

भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। वहीं हार्दिक पांड्या, उमरान मलिक और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरीं भारतीय टीम के लिए पहले ओवर में ईशान किशन का विकेट गिरने के बाद राहुल त्रिपाठी और शुभमन गिल ने मोर्चा संभाल लिया और पावरप्ले में 49 रन जोड़े। सूर्यकुमार जब विकेट पर आये तब भारत का स्कोर 5.5 ओवर में 52/2 था। उन्होंने अपने अंदाज में पारी की रफ्तार बदलते हुए गिल के साथ तीसरे विकेट के लिये 53 गेंदों पर 111 रन की शतकीय साझेदारी की। इसके बाद श्रीलंका ने कप्तान हार्दिक पांड्या और दीपक हुड्डा को भी चार-चार रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए, लेकिन सूर्य ने विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना तीसरा शतक पूरा किया। अक्षर पटेल ने भी 21 रन की तूफानी पारी खेली। अक्षर पटेल को सीरीज में उनके ऑलराउंडर प्रदर्शन (117 रन और तीन विकेट) के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। श्रीलंका के लिए दिलशान मदुशंका सबसे महंगे साबित हुए और उन्होंने अपने चार ओवर में दो विकेट लेकर 55 रन दिये। चमिका करुणारत्ने ने चार ओवर में 52 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि कसुन रजिता और हसरंगा को भी एक-एक सफलता हासिल हुई।

स्कोर बोर्ड

भारतीय टीम	रन	गेंद	4/6
इशान कै. धनंजय बो. मदुशंका	01	02	0/0
शुभमन गिल बो. हसरंगा	46	36	2/3
त्रिपाठी कै. मदुशंका बो. करुणारत्ना	35	16	5/2
सूर्यकुमार यादव नाबाद	112	51	7/9
हार्दिक कै. धनंजय बो. रजिता	04	04	0/0
हुड्डा कै. हसरंगा बो. मदुशंका	04	02	1/0
अक्षर पटेल नाबाद	21	09	4/0

अतिरिक्त: 5, कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन **विकेट पतन:** 1-3, 2-52, 3-163, 4-174, 5-189, **गेंदबाजी:** दिलशान मदुशंका 4-0-55-2, कसुन रजिता, 4-1-35-1, महेश तीक्षणा 4-0-48-0, चमिका करुणारत्ना 4-0-52-1, वानिंदु हसरंगा 4-0-36-1

श्रीलंका टीम	रन	गेंद	4/6
पथुम निसंका कै. मावी बो. अर्शदीप	15	17	3/0
कुसल मेंडिस कै. उमरान बो. अक्षर	23	15	2/2
अविष्का कै. अर्शदीप बो. हार्दिक	01	03	0/0
धनंजय कै. गिल बो. चहल	22	14	2/1
असलंका कै. मावी बो. चहल	19	14	2/1
शानका कै. अक्षर बो. अर्शदीप	23	17	0/2
हसरंगा कै. हुड्डा बो. उमरान	09	08	1/0
चमिका करुणारत्ना पगबाधा हार्दिक	00	02	0/0
महेश तीक्षणा बो. उमरान	02	05	0/0
कसुन रजिता नाबाद	09	04	2/0
दिलशान मदुशंका अर्शदीप	01	02	0/0

अतिरिक्त: 13, कुल: 16.4 ओवर में 137 रन पर ऑलआउट **विकेट पतन:** 1-44, 2-44, 3-51, 4-84, 5-96, 6-107, 7-123, 8-127, 9-135, 10-137 **गेंदबाजी:** हार्दिक पांड्या 4-0-30-2, अर्शदीप 2.4-0-20-3, शिवम मावी 1-0-6-0, अक्षर पटेल 3-0-19-1, उमरान मलिक 3-0-31-2, युजवेंद्र चहल 3-0-30-2,

सूर्यकुमार यादव ने बाबर और लोकेश राहुल को पीछे छोड़ा

सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका के खिलाफ अपने टी-20 करियर का तीसरा शतक जड़कर भारत के लोकेश राहुल और पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बाबर और राहुल अंतरराष्ट्रीय टी-20 में दो-दो शतक लगा चुके हैं। भारत के लिए रोहित शर्मा ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक चार शतक लगाए हैं। तीन शतक के साथ सूर्या अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं। टी-20 क्रिकेट में सर्या ने ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो की बराबरी कर ली है। जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में तीन शतक लगा चुके हैं।

श्रीलंका के खिलाफ घर में पांचवीं सीरीज जीत

भारतीय टीम ने श्रीलंका से लगातार पांचवी बार घरेलू सीरीज जीती है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल छह सीरीज खेली गई है। जिनमें से पांच भारत टीम ने जीतीं, वहीं एक सीरीज ड्रॉ रही है। जो 2009 में खेली गई थी।

सूर्यकुमार ने भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा

सूर्या टी20 अंतराराष्ट्रीय में भारतीय टीम के लिए दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। इस मामले में उन्होंने केएल राहुल को पीछे छोड़ा। जिन्होंने 2016 में विंडीज के खिलाफ 46 गेंदों पर शतक जड़ा था। अब सूर्या 45 गेंदों के साथ उनसे आगे निकल गए हैं। वहीं रोहित शर्मा अभी भी इस मामले में नंबर पर वन पर हैं। उन्होंने 2017 में इंदौर में श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था।

सबसे कम पारियों में 1500 रन पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज बने सूर्यकुमार

सूर्यकुमार यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे कम पारियों में 1500 रन पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज रहे। उन्होंने 43वीं पारी में यह कारनामा किया। इस मालमे में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली पहले पायदान पर मौजूद है। उन्होंने 39 टी-20 पारियों में 1500 रन पूरे कर लिए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई एरॉन फिंच ने 39 पारियों में, पाकिस्तान के बाबर आमज ने 39 पारियों में, केएल राहुल ने 39 पारियों में और पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने 42 पारियों में यह कीर्तिमान अपने नाम किया था।

फरवरी में होगा महिला आईपीएल की नीलामी का आयोजन

मुंबई। महिला इंडियन प्रीमियर लीग (महिला आईपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन फरवरी में किया जायेगा। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को एक दस्तावेज प्रेषित किया है जिसके अनुसार उन्हें 26 जनवरी शाम पांच बजे से पहले नीलामी के लिए अपना नाम दर्ज कराना होगा।

इस दस्तावेज में महिला आईपीएल को 2023 महिला टी20 लीग के नाम से संबोधित किया गया है। इस नीलामी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ वह खिलाड़ी भी अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं, जिन्होंने अभी तक भारत के लिए पदार्पण नहीं किया है। पदार्पण कर चुके खिलाड़ियों के लिए नीलामी की शुरुआती रकम (बेस प्राइस) 50 लाख, 40 लाख या 30 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। घरेलू खिलाड़ियों के लिए यह रकम 20 लाख और 10 लाख रुपए है। मौजूदा आईपीएल प्रोटोकॉल के अनुसार, खिलाड़ियों के पंजीकरण के बाद पांच टीम मालिक इस नीलामी रजिस्टर की छंटनी करके एक नीलामी सूची तैयार करेंगे।

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 से हटे कार्लोस

मैड्रिड। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकारेज दाएं पैर की चोट के कारण वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन से हट गए हैं। 19 वर्षीय अलकारेज, जो पिछले वर्ष सबसे युवा नंबर एक खिलाड़ी बने थे, अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में टॉप सीड खिलाड़ी के रूप में उतरते। अलकारेज ने ट्वीट किया, जब मैं प्री सीजन में अपने सर्वश्रेष्ठ पर था, तो मुझे ट्रेनिंग के दौरान अचानक चोट लग गई। मेरे दाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आया है। मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए फिट होने की भरपूर कोशिश की लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। अब मैं 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरूंगा। अलकारेज के हटने का मतलब है कि कैस्पर रुड, स्टेफानोस सितसिपास और नोवाक जोकोविच के पास ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद सोमवार को शीर्ष स्थान पर पहुंचने का मौका होगा। अलकारेज को 2022 में शानदार प्रदर्शन होने के बावजूद पेरिस मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल से हटना पड़ा था और इसी चोट के कारण वह तुरीन में एटीपी फाइनल्स से भी बाहर रहे थे। 12 सितम्बर को अलकारेज विश्व के सबसे युवा नंबर एक खिलाड़ी बने थे। उनका 2022 में 57-13 का रिकॉर्ड रहा था। वह पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में मातियो बेरेटिनी से हार गए थे।

डिजियाना और पीपुल्स समाचार ने विजयी

भोपाल। डिजियाना और पीपुल्स समाचार ने शनिवार को 28वें आइईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीते। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले मैच में दैनिक जागरण ने 117 रन बनाए। नरेश मीणा ने सर्वाधिक 35 रन का योगदान दिया। पीपुल्स के लिए प्रकाश ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपुल्स की टीम ने 15.3 ओवर में एक विकेट खोकर जरूरी रन बना लिए। महेंद्र ने 29 गेंद पर नाबाद 47 रन की पारी खेली। मनीष दीक्षित ने 34 रन बनाए। जागरण की ओर से दिनेश शाक्य ने एक मात्र विकेट लिया। दिन के दूसरे मैच में डिजियाना ने निर्धारित 18 ओवर में सात विकेट खोकर 196 रन को विशाल स्कोर खड़ा किया। विनायक सोनी ने 40 गेंद पर नाबाद 91 रन की पारी खेली। गौतम ने 41 और अजय ने 20 रन का योगदान दिया। एमपी-03 के सलमान ने तीन, अश्विनी तिवारी और अनिल ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में एमपी-03 की टीम 13.2 ओवर में 114 रन बना पाई। रोहित ठाकुर ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। एमपी-03 के गौतम ने पांच विकेट झटके। मानसरोवर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार महेन्द्र को भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर और बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुवनारायण सिंह ने प्रदान किया।

एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे जोकोविच

एडिलेड। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने एडिलेड इंटरनेशनल 1 के सेमीफाइनल मुकाबले में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। 35 वर्षीय खिलाड़ी महत्वपूर्ण क्षणों में सर्वश्रेष्ठ थे, उन्होंने सभी तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए और अपने तीन ब्रेक अवसरों में से दो को एक घंटे 30 मिनट के बाद पूर्व विश्व नंबर 1 ने जीत हासिल की। फाइनल में जोकोविच का सामना पहली बार के प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। 22 वर्षीय अमेरिकी ने योशीहितो निशिओका का नेतृत्व 7-6(5), 1-0 से किया जब जापान के टेनिस खिलाड़ी चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, शुक्र है कि यह मेरे लिए इतना खतरनाक नहीं था। अगर यह होता, तो मैं जारी नहीं रख पाता, इसलिए मैंने मेडिकल टाइमआउट, कुछ एंटी-इंफ्लेमेटरी और कुछ समय टिकने की कोशिश की। मैं बस गति को बनाए रखने की कोशिश कर रहा था और उन्हें मैं सर्विस को तोड़ने की अनुमति नहीं दे रहा था। मुझे लगता है कि यह कुंजी थी, कि अंततः मुझे एक मौका मिलेगा। मुझे लगता है कि मैच जितना लंबा चला, मुझे उतरनी ही परेशानी हुई। इसलिए उम्मीद है कि कल सब ठीक हो जाएगा।

सिंगापुर मलेशिया की सैर का सुनहरा मौका

आईआरसीटीसी आपके लिए शानदार टूर पैकेज लेकर आया है जिसमें आप 7 दिनों के लिए मलेशिया और सिंगापुर घूमने का आनंद ले सकते हैं,जानते हैं और क्या खास है इस टूर पैकेज में

आईआरसीटीसी की जानकारी- आईआरसीटीसी के ट्वीट के मुताबिक टूर की शुरूआत 18 जनवरी को होगी, यात्रा में सबसे पहले पर्यटकों को दिल्ली से क्वालालम्पुर ले जाया जायेगा, जहां क्वालालम्पुर के खूबसूरत स्थानों की सैर कराई जाएगी। इस पैकेज में आने-जाने की हवाई यात्रा,होटल का किराया, खाने पीने का खर्च लंच डिनर ब्रेकफास्ट, वीजा का खर्च आईआरसीटीसी वहन करेगी।

टूर पैकेज की डिटेल्स- यात्रा 23 जनवरी 2023 को दिल्ली एयर पोर्ट से शुरू होगी, यात्रा की शुरूआत सुबह 10:5 मिनट पर होगी 6 दिन और 7 रात की इस जर्नी में आपको लंच, ब्रेकफास्ट, और डिनर फ्री मिलेगा।

पैकेज का खर्च- सिंगल व्यक्ति का कुल खर्च 1,35, 000 रुपए है। अगर आपके साथ ५ से 11 साल का बच्चा है तो बेड के साथ कुल खर्च 1,03,700 रुपये है। 5 से 11 साल के बच्चे का किराया बिना बेड के 92,200 रुपये है। यदि आप कम्फर्ट क्लास में डबल या ट्रिपल बुकिंग करते हैं तो प्रति व्यक्ति कुल खर्च 1,15, 500 रुपये होगा।

कैसे कराएं बुकिंग- इस पैकेज की बुकिंग आप आईआरसीटीसी की ऑफिशियल वेबसाइट www.irctc.tourism.com से ऑनलाइन करा सकते हैं, इसके अलावा आईआरसीटीसी पर्यटक सुविधा केंद्र और क्षेत्रीय और स्थानीय कार्यालयों से भी करा सकते हैं।

चेतन शर्मा ही रहेंगे मुख्य चयनकर्ता

समिति में चार नए चेहरों को भी मिली जगह

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर चेतन शर्मा की चयनकर्ता समिति के चेयरमैन के पद पर पुनर्नियुक्ति की है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शनिवार को बताया कि नई चयनकर्ता समिति में शर्मा के अलावा शिव सुंदर दास, सुब्रोतो बनर्जी, सलिल अंकोला और श्रीधरन शरत को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में भारत की 10 विकेट की हार के बाद बीसीसीआई ने चेतन शर्मा और उनकी पुरानी चयनकर्ता समिति को बर्खास्त करके खाली पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। शाह ने बताया कि 18 नवंबर 2022 को बीसीसीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गये पांच पदों के विज्ञापन के बाद बोर्ड को लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए। सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की सलाहकार समिति ने 600 आवेदनों में से काट-छांट के बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिये 11 लोगों को चुना, जिसके बाद वह इन पांच नामों पर सहमत हुए। शर्मा ने अपने पूर्व सहयोगी हरविंदर सिंह के साथ इस पद के लिए फिर से आवेदन किया था। वेंकटेश प्रसाद,मनिंदर सिंह, मुकुंद परमार, नयन मोंगिया और समीर दिघे अन्य उल्लेखनीय नाम थे जिन्होंने पांच पदों के लिये आवेदन किया था। चयनकर्ता समिति के नवनिर्वाचित सदस्य अंकोला 17 दिसंबर 2020 से मुंबई चयन पैनल के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, श्रीधरन शरत 17 दिसंबर 2021 से जूनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष बने हुए हैं।

टेस्ट खेल चुके हैं चार खिलाड़ी

चेतन शर्मा ने भारत के लिए 23 टेस्ट और 65 वनडे खेले हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिव सुंदर दास ने भारत के लिए 23 टेस्ट और 4 वनडे मैच खेले हैं। वह भारत के लिए खेलने वाले ओडिशा के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी थे। पटना में जन्मे सुब्रोतो बनर्जी ने भारत के लिए एक टेस्ट और 6 वनडे खेले हैं। वह 1992 में टीम इंडिया का हिस्सा थे। पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला ने भारत के लिए एक ही टेस्ट खेला था। उन्होंने सचिन के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था। वह मुंबई टीम के चीफ सेलेक्टर की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

नई चयन समिति

चेतन शर्मा (चेयरमैन)
शिव सुंदर दास
सुब्रतो बनर्जी
सलिल अंकोला
श्रीधरन शरथ

मॉडर्न स्कूल दिल्ली सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियन

भोपाल। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबॉल गर्ल्स अंडर-19 प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सात जनवरी को एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल खेल मैदान पर मॉडर्न स्कूल दिल्ली और स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा के बीच खेला गया। फाइनल मैच का रोमांच देखते ही बनता था। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मॉडर्न स्कूल की ईशा जोशी ने 27वें मिनट में शानदार एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद सेकंड हॉफ में स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा ने कई प्रयास किए लेकिन गोल बराबरी का गोल दागने में असफल रही। मॉडर्न स्कूल ने फाइनल मुकाबला ईशा जोशी के शानदार एक गोल की मदद से 1-0 जीत लिया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि भोपाल नगर निगम की महापौर मालती राय, प्रतियोगिता के स्पेशल गेस्ट साउथ जोन-1 साईं कृष्णा थोटा आईपीएस, एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे, एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी अनुपम चौकसे, स्कूल प्राचार्य चेतन्य सक्सेना द्वारा किया गया। जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर सीबीएसई ऑब्जर्वर बिपिन चंद्र सिंह एवं अदनान जमील प्रतियोगिता के सचिव सागर रायकवार, एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल के मैनेजर श्रीमती शोभा चौकसे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम के अलावा बेस्ट गोलकीपर किंजल सिंह मॉडर्न स्कूल दिल्ली, बेस्ट डिफेंडर लिजाया राजे जैन स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा, बेस्ट स्कोरर ईशा जोशी मॉडर्न स्कूल दिल्ली, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट युआनी कलूचा स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा को पुरस्कृत किया गया।

बीते दो साल कोविड की वजह से डरे-सहमे रहे घुमक्कड़ी के शौकीन एक बार फिर देश-दुनिया के अलग अलग स्थानों को देखने के लिए तैयार हैं। तमाम वेबसाइट्स के आंकड़े बताते हैं कि लाखों ट्रैवलर्स भरपूर उत्साह के साथ इस वर्ष घूमने की प्लानिंग कर चुके हैं। लेकिन अब ट्रैवलिंग के ट्रेंड में कुछ बदलाव भी देखने को मिलेंगे। इन ट्रेंड्स पर एक नजर।

देश-दुनिया में दिखेंगे ट्रैवलिंग के नए ट्रेंड

कवर स्टोरी / समीर चौधरी

हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 के बीएफ.7 वेरिएंट से कोई बड़ी लहर आने की आशंका कम ही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से कोविड-19 के विरुद्ध सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग छुट्टियां मनाने, घूमने जाने वाले हैं, उन्हें अपनी यात्रा के दौरान मास्क लगाने और नियमित हाथ धोने जैसे प्रोटोकॉल्स का पालन करना चाहिए। ऐसे में यह अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि इस वर्ष भी पर्यटन उद्योग पर कोविड संक्रमण की छाया बनी रहेगी। लेकिन यह भी तथ्य है कि अब लोगों ने कोविड-19 के साथ जीना सीख लिया है। पिछले महीने अमेरिका प्रवास के दौरान मैंने यह अनुभव किया कि कोविड संक्रमण के केस भारत से अधिक होने के बाद भी वहां लोग हमेशा की तरह थिएटरों, म्यूजियमों, मॉल्स और रेस्टोरेंट्स में जा रहे हैं। हर किसी को वैक्सीन लगवाने और संदेह होने पर टेस्ट कराने की सलाह दी जा रही थी, लेकिन किसी किस्म का पैनिक कहीं दिखाई नहीं दिया। इससे साबित होता है कि इस वर्ष पर्यटन पर 2020 जैसा बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

टूरिस्ट्स कर रहे ट्रैवल प्लानिंग

यह सही है कि पिछले वर्षों की तुलना में अब ग्लोबल टूरिस्ट एक्सपेंस में बहुत वृद्धि हुई है, लेकिन इससे यात्रा के शौकीन लोगों में छुट्टियां मनाने और देश-दुनिया घूमने की प्रवृत्ति में कमी नहीं आई है। दुनिया के फेमस टूरिस्ट्स प्लेसेस घूमने की लाखों पर्यटकों ने प्लानिंग्स बना ली हैं। इससे ग्लोबल टूरिज्म सेक्टर की इनकम में 20 प्रतिशत इजाफे का अनुमान है। हॉस्पिटेलिटी डाटा में ग्लोबल एक्सपर्ट रेटगेन के अनुसार अगले ढाई-तीन महीनों में अकेले लंदन में ही 15 मिलियन से अधिक टूरिस्ट्स बाई एयर आएंगे, जो 2019 की इसी अवधि से 10 प्रतिशत अधिक हैं।

रेंटल होम्स की बढ़ेगी डिमांड

अमेरिकन एक्सप्रेस ग्लोबल बिजनेस ट्रैवल (एमेक्स जीबीटी) के अनुसार इस साल होटलों के रेंट्स में जबरदस्त वृद्धि होगी, क्योंकि होटल इंडस्ट्री पेंडेमिक के दौर के नुकसान की भरपाई करना चाहता है और साथ ही आज के दौर की महंगाई में कॉम्पिटेटिव बना रहना चाहता है। इसलिए इस बात की भी संभावना है कि टूरिस्ट्स, बड़े होटल्स की जगह शॉर्ट-टर्म रेंटल्स को प्रियोरिटी देंगे। एक्स्पेडिया क्यू4 ट्रैवल रिकवरी ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार इस साल की एडवांस बुकिंग्स में वैकेशन रेंटल्स, होटलों से कहीं आगे हैं। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' के अनुसार लोग अपने प्राइवेट होम्स को भी टूरिस्ट्स को रेंट पर दे रहे हैं ताकि अपनी इनकम को बढ़ा सकें। इसका अर्थ यह है कि इस साल बढ़ते यात्रा खर्च के कारण शॉर्ट-टर्म रेंटल बुकिंग्स से टूरिस्ट्स और प्राइवेट होम ओनर्स दोनों को लाभ होता रहेगा।

अधिक खर्च करने को हैं तैयार

हालांकि इस समय पूरी दुनिया महंगाई से परेशान हैं लेकिन घुमक्कड़ी के शौकीन पर्यटक इसके बावजूद देश-दुनिया देखने-घूमने से परहेज नहीं कर रहे हैं। यानी बढ़ती महंगाई पर्यटकों को कंजूस नहीं बना रही है बल्कि वे घूमने के लिए अधिक खर्च करने को तैयार हैं। बुकिंग डॉट कॉम ट्रैवल की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक पर्यटकों ने स्वीकार किया कि वे इस साल अपनी छुट्टियां मनाने और घूमने के लिए अधिक पैसा खर्च करेंगे ताकि वे पिछले दो वर्षों की इच्छा पूरी कर सकें, जब वे यात्रा नहीं कर सके थे। 72 प्रतिशत पर्यटकों ने कहा कि वे इस वर्ष 'निडर यात्रा' का पालन करना चाहते हैं यानी, उन्हें कोविड-19 से कोई डर नहीं है। वह डर-डरकर रहना नहीं चाहते, घूमते हुए जीवन का लुत्फ उठाना चाहते हैं।

ये होंगे फेवरेट डेस्टिनेशंस

इस वर्ष के लिए अनुमान यह भी है कि जिन पांच टूरिस्ट प्लेसेस पर पर्यटक सबसे ज्यादा जाना पसंद करेंगे वे हैं- फ्रांस, ब्रिटेन, पुर्तगाल, न्यू मैक्सिको और जर्मनी। इन सभी डेस्टिनेशंस का संबंध टूरिस्ट्स को रिलैक्स होने, एक्सप्लोर करने और अमेजिंग एक्सपीरियंस देने से भी है। इससे यह भी अंदाजा होता है कि चीन की कोविड कंडीशन के कारण पूरी दुनिया के पर्यटक दक्षिण पूर्व एशिया के देशों को अधिक प्राथमिकता नहीं देंगे।

टेक्नोलॉजी का दिखेगा इफेक्ट

हॉस्पिटेलिटी टेक्नोलॉजी को भी इस साल प्रियोरिटी दी जाएगी यानी वर्चुअल रियालिटी और मेटावर्स (जैसा इनका यात्रा से संबंध है) में वृद्धि देखने को मिलेगी। रेटगेन के अनुसार 46 प्रतिशत लोगों का कहना है कि किसी टूरिस्ट प्लेस की वर्चुअल ट्रैवलिंग करने के बाद वे भौतिक रूप से भी उस जगह जाना पसंद करेंगे। नए डाटा के मुताबिक 2019 और 2021 के बीच वर्क फ्रॉम होम 5.7 प्रतिशत से बढ़कर 17.9 प्रतिशत हो गया था। रिमोट वर्क से 'वर्क फ्रॉम होम' की संभावना बढ़ी है, जिससे लोग दुनिया में कहीं से भी वर्चुअली वर्क कर सकते हैं। इस तरह वे प्रोफेशनल्स, वर्क करते हुए भी दुनिया घूम सकते हैं।

लेना चाहेंगे न्यू एक्सपीरियंस

इस साल रूरल टूरिज्म का ट्रेंड भी दिखेगा। वेलनेस और लाइफ क्वालिटी को बेहतर करने की इच्छा भी इस साल टूरिज्म को एनकरेज करेंगे। इस साल 'कल्चर शॉक' टूरिस्ट्स में ग्रोथ देखने को मिलेगी; क्योंकि अब काफी लोग अपनी यात्राओं में पूर्णतः नए अनुभव चाहते हैं। इसमें भी वेलनेस को प्राथमिकता देना चाहते हैं, जिसमें शामिल हैं ओवरऑल वेलनेस, स्पा और रिलेक्सेशन ट्रैवलिंग। यही वजह है कि 2019 की तुलना में 2023 की सोलो बुकिंग्स में 24 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कुल मिलाकर इस साल दुनिया भर के टूरिस्ट प्लेसेस, ट्रैवलर्स से गुलजार रहेंगे। *



भव्य बांध ही नहीं खूबसूरत पर्यटन स्थल भी है हूवर डैम

वैसे तो अपने देश समेत पूरी दुनिया में कई विशाल बांध बनाए गए हैं। लेकिन अमेरिका में स्थित हूवर बांध कई मायने में बहुत विशिष्ट है। इसकी विशेषताओं और खूबसूरती का आंखों देखा वर्णन लेखक कर रहे हैं अपनी जुबानी।

अमेजिंग स्पॉट / राकेश अचल

अमेरिका वासियों की खासियत है कि वे सफेद हाथी नहीं पालते। वे अगर हाथी पालते भी हैं तो उसी से कमाते-खाते भी हैं। अमेरिका में लॉस वेगास से करीब 70 किमी. दूर दुर्गम पहाड़ियों को काटकर कोलोराडो नदी पर बना हूवर बांध इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है। वास्तव में हूवर बांध के निर्माण के पीछे असली वजह लोक कल्याण और विकास रहा है। जैसे भारत में सरदार सरोवर बांध है, उससे भी दुर्गम है हूवर बांध। इस बांध के रख-रखाव का खर्च, यहां बनने वाली बिजली बेचकर और पर्यटकों से लिए जाने वाले पार्किंग शुल्क से निकल आता है।

ऐसे हुआ इसका निर्माण: 1900 में अमेरिका के एरिजोना और नावेदा राज्य की सीमा पर ब्लैक केनियन और बोल्डर केनियन के बीच की पर्वत श्रंखला को काटकर बाढ़ रोकने, सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने और विद्युत उत्पादन करने के मकसद से एक बांध बनाने का विचार किया गया। इसके करीब 28 साल बाद अमेरिकी सरकार ने बांध परियोजना को हरी झंडी दिखाई। छह कंपनियों ने इसका ठेका लिया और 1931 में बांध का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। उस समय तक अमेरिका में ही नहीं, दुनिया में कहीं भी सीमेंट-कंक्रीट की इतनी बड़ी संरचना नहीं बनाई गई थी। लेकिन इच्छाशक्ति के बल पर सभी छह कंपनियों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद 1936 में यह बांध अपने तय समय से दो साल पहले तैयार कर लिया। जो संरचना सामने आई, वो अद्वितीय थी। जिसने भी इस विशाल बांध को देखा, दांतों तले अंगुलियां दबा लीं।

राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने किया था उद्घाटन: निर्माण के बाद इस बांध का नाम पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हार्बर्ट हूवर के नाम पर रखा गया। 30 सितंबर 1935 को तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट ने बांध का लोकार्पण किया था। 1931 में इस बांध के निर्माण का बजट 49 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो आज के 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। करीब 7,264 फीट ऊंचे और 1,244 फीट लंबे इस बांध का एलिवेशन 1,232 फीट का है। बांध की क्षमता 32,50,000 क्यू यार्ड है। इसका जलग्रहण क्षेत्र 4,50,000 वर्ग किलोमीटर है। यहां 2,032 मेगावाट बिजली बनती है। आज यह बांध एरिजोना, नेवादा और कैलिफोर्निया को बिजली बेचता है।

बना पसंदीदा पर्यटन स्थल: अमेरिकी सरकार ने हूवर बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर दिया है। यहां प्रतिवर्ष लगभग 7 मिलियन पर्यटक आते हैं। हूवर बांध तक पहुंचने के लिए शानदार फोर लेन सड़क मौजूद है। बांध तक जाने से पहले सुरक्षा जांच होती है। यहां आने वाले पर्यटक 10 डॉलर कार पार्किंग का शुल्क देकर पांच मंजिला पार्किंग में अपनी कार खड़ी कर लिफ्ट के जरिए बांध तक पहुंच सकते हैं। बांध घूमने के लिए आप टूर गाइड की सेवाएं भी ले सकते हैं। बांध के ऊपर बनाया गया गगनचुंबी पुल देखते ही बनता है। पर्यटकों के लिए यहां वातानुकूलित और ओपन एयर रेस्टोरेंट भी है, साथ ही एक शानदार सोविनयर शॉप भी है। अगर आपके पास समय है तो इत्मीनान से तीन घंटे में इस बांध का भ्रमण कर सकते हैं। बांध तो खूबसूरत है ही, पर्वत श्रंखला भी मनोहारी है। *

बोधकथा / पुष्पेश कुमार पुष्प

दूसरा कंबल

एक महात्माजी नदी किनारे बहुत ही छोटी-सी झोपड़ी में निवास करते थे। एक रात जब वह सो रहे थे, एक चोर ने उनकी झोपड़ी के भीतर प्रवेश किया। जब झोपड़ी में चोरी करने लायक कोई वस्तु नहीं मिली, तो वह महात्माजी के कंबल को लेकर ही चलता बना, जिसे महात्माजी ओढ़कर सोए थे। शरीर से कंबल हटने से महात्माजी की नींद टूट गई, उन्होंने अपने बिछाए हुए दूसरे कंबल को समेटा और उसे लिए हुए चोर के पीछे यह कहते दौड़े, 'अरे! भाई जरा ठहर तो सही, भागो मत..।'

चोर रुक गया। वह क्रोध से महात्माजी से बोला, 'महाराज, शोर मत करो, वापस लौट जाओ, नहीं तो तुम्हें बचाने वाला भी कोई नहीं है यहां।'

'यह तो सही है, लेकिन भाई ठंड अधिक पड़ रही है।' महात्माजी द्रवित भाव से बोले।

'लेकिन तुम्हें इससे क्या मतलब?' चोर ने चीखकर पूछा।

'मतलब है, तभी तो कह रहा हूं। ठंड अधिक पड़ रही है, इसलिए भाई यह दूसरा कंबल भी अपने साथ ले जाओ। मेरा तो कुछ भी नहीं है। मैं तो बिना कंबल के भी रह लूंगा।' यह कहकर महात्माजी ने दूसरा कंबल भी चोर को पकड़ा दिया।

चोर हक्का-बक्का रह गया। *

नवगीत / शिवचरण चौहान

धूप जाड़े की

गुनगुनी मीठी सुहानी
धूप जाड़े की।
शीत की औषधि पुरानी
धूप जाड़े की।।
आंख खोली
भू को देखा
पंख फैलाए।
धूप उतरी है
गगन से
लोग हर्षाए।
फूल यौथों की रवानी
धूप जाड़े की।।
शीत की औषधि पुरानी
धूप जाड़े की।।
खेत में
सरसों के आकर
धूप फूली है।
एक तितली
आई है
फूलों में झूली है।
एक प्यारी सी कहानी
धूप जाड़े की।।
शीत की औषधि पुरानी
धूप जाड़े की।।

कहानी / शुभदा मिश्र

राजदुलारे बनाम अनजान बच्चे

आज की इस दिखावटी दुनिया में ऐसे बच्चे अनजाने ही हो गए हैं, जो लोगों के लिए दया-प्रेम का भाव रखते हैं, जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। यह बच्चों का दोष नहीं है, इनकी परवरिश का है, जो इनके माता-पिता इन्हें उस शो-ऑफ में रखते हैं, जो एक भ्रम और दंभ को जीते हैं। बच्चों की ऐसी संवेदनहीन परवरिश पर केंद्रित कहानी।

सिर दर्द के मारे फटा जा रहा है।

सबेरे हल्का-हल्का-सा दर्द था, मैंने सोचा, थोड़ी देर में चला जाएगा। गया नहीं, बल्कि बढ़ने लगा। दोपहर होते-होते तीव्र और तीव्र। असहनीय। अपनी दवाइयों का डिब्बा खोलकर देखने लगी। उसमें सिर दर्द की कोई गोली नहीं थी। घर में कोई और है भी नहीं। किसी दवाई की दुकान का फोन नंबर भी पास नहीं। तब?

तब घर के सामने दरवाजे पर खड़े होकर सिर दबाते हुए सड़क में आने-जाने वालों को देखने लगी, कोई परिचित गुजरे तो कहूं, 'भैया, यह पहली ही मोड़ पर दवाइयों की दुकान है। जरा सिर दर्द खत्म करने के लिए कोई गोली ला दो।' लेकिन कोई परिचित भी नहीं गुजरता। सड़क पर आवाजाही भी कम। किसी पड़ोसी से कहूं तो दोपहर का समय। पड़ोसी सब अपने-अपने काम पर गए हैं। घरों में हैं सिर्फ महिलाएं और बच्चे। बच्चों के विंटर वैकेशन चल रहे हैं, स्कूल बंद हैं। किस बच्चे को कहूं?

किस बच्चे को कहूं, बड़ा प्रश्न है। मेरे मोहल्ले में तो बिल्डिंगें ही बिल्डिंगें हैं। मेरे सामने वाली बिल्डिंग में बड़ा परिवार रहता है। परिवार के सभी पुरुष बड़े व्यापारी हैं। उनके घर तो बच्चे ही बच्चे। छोटे बच्चे। बड़े बच्चे। सुंदर, स्वस्थ, राजकुमारों जैसे सजीले। पढ़ते हैं हाई-फाई स्कूलों में। रहते हैं दिनभर व्यस्त। सुबह खिलाड़ियों की शानदार पोशाक में खेलने जा रहे हैं। रैकेट या बॉल धरे। फिर स्कूल। फिर ट्यूशन। फिर कोचिंग। तरह-तरह की कोचिंग। मां-बाप उनकी प्रतिभा से मुग्ध हैं। अकसर मुझे बताते रहते हैं, किसने पंचानबे प्रतिशत नंबर पाया, किसने अठानबे प्रतिशत। किसने पेंटिंग में इनाम जीता, किसने खेल में। किसने वाद-विवाद में। प्रतिभा, सुंदरता, संपन्नता के हिंडोलों में झूलते राजदुलारे। आंखों के तारे। कभी अपने ही घर का कोई काम करते नहीं देखा इन्हें। इन्हें मैं सिर दर्द की गोली लाने कैसे कहूं?

मेरे आस-पास के अधिकतर परिवार ऐसे ही हैं। व्यवसायी। किसी की कपड़े की दुकान, तो किसी की हार्डवेयर की दुकान, तो कोई थोक व्यापारी। सबके एक या दो बच्चे। छोटे भी। बड़े भी। ऐसे ही स्वस्थ, सुंदर, प्रतिभाशाली राजदुलारे। मां-बाप क्या पूरा परिवार इन पर फिदा। फिदा क्या गुलाम। ऐसे नवाबों सें सिरदर्द के लिए गोली लाने कहना? न बाबा न।

ऐसा नहीं है कि सभी बच्चे रईसजादे ही हैं। मेरे दाहिने तरफ जो बिल्डिंग है, उसके मकान मालिक कहीं और रहते हैं। लेकिन बिल्डिंग में दो किरायेदार हैं। एक किरायेदार रेलवे में गार्ड है। पत्नी उसकी नामी निजी स्कूल में शिक्षिका। इनके घर तो बच्चे ही बच्चे दिखते हैं। दो बच्चे टीचर मैडम के। बाकी बच्चे ट्यूशन पढ़ने वाले। पहली, दूसरी कक्षा से लेकर दसवीं, ग्यारहवीं तक के बच्चे। टीचर मैडम इतनी होशियार कि सब बच्चों को एक साथ पढ़ा देती हैं। अधिकतर बच्चे धड़धड़ाते हुए बाइकों में आते हैं। बहुत छोटे बच्चों को उनके माता-पिता छोड़ने आते हैं। बाइकों पर। कारों में। ले जाने भी। ये बच्चे भी स्वस्थ, सुंदर राजकुमारों जैसे। हवाई दुनिया की हवाई बातें करने वाले। खूबसूरत टीचर, मैडम और उनके खूबसूरत विद्यार्थियों की दमक ऐसी कि इन्हें किसी काम के लिए कहा ही नहीं जा सकता। सिर दर्द की गोली लाने तो हर्गिज नहीं।

दूसरा किरायेदार सरकारी कर्मचारी है। पत्नी गृहिणी। इनके भी दो बच्चे। ये भी महंगे अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने वाले। इनकी भी वही दुनिया। स्कूल, घर, ट्यूशन, कोचिंग। कोचिंग दर कोचिंग। बच्चों की प्रतिभा उजागर करने की धुन में लगे मां-बाप। बरसों हो गए इन्हें यहां रहते। न इन बच्चों ने कभी मोहल्ले में किसी से बात तक की, न इनके मां-बाप ने। इन्हें सिरदर्द की गोली लाने के लिए कहना? सोचना भी बेवकूफी।

कई एक और नौकरीपेशा परिवार हैं मोहल्ले में। सभी किसी न किसी बिल्डिंग में किरायेदार। एक-दो बच्चों वाले। नौकरी चाहे इनकी छोटी हो या बड़ी। बच्चों को पढ़ाते हैं महंगे अंग्रेजी स्कूलों में। दिलवाते हैं वही ट्यूशन, वही कोचिंग। वही तामझाम। वही प्रतिभाशाली बनाने की कमरतोड़ कोशिश। एक बार इनके एक बच्चे को चिट्ठी छोड़ने कह दिया था। उसका पिता इतना आहत हुआ, बोला, 'वह नहीं जाएगा मैडम, लाइए मैं छोड़ दूंगा।'

फलतः मैं अपने मोहल्ले के बच्चों की तरफ से ध्यान हटाकर शहर में अपने पुराने परिचित परिवारों के बारे में सोचने लगती हूं। मेरे ये परिचित परिवार सभी खानदानी श्रीसंपन्न हैं। इनके बच्चे भी वैसे ही सुंदर, शिष्ट, प्रतिभाशाली राजदुलारे। आंखों के तारे। पर्व-त्यौहारों में जाती हूं तो पैर छूकर प्रणाम करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि किसी का कोई काम कर दें। इनकी मम्मियां अकसर मुझसे फोन में बताती रहती हैं, 'उस दिन गाजर का हलुआ बनाई थी दीदी, कल सांभर-वड़ा। मन बहुत मसोसता रहता है, किसके हाथ भिजवाऊं। नौकर काम निपटाए और भागे। बच्चों को तो आप काम के लिए कह ही नहीं सकते।'

जिन बच्चों को मां-बाप ही काम के लिए नहीं कह सकते, उन्हें कोई दूसरा कैसे कहे! अगर भूल से कह बैठे तो इनके मां-बाप ही बुरा मानेंगे। बात करना छोड़ देंगे।

मेरे अधिकतर परिचितों के बच्चे मेरे सामने ही बड़े हुए हैं। सभी मानो पैदायशी प्रतिभाशाली। हाई-फाई स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थाओं में पढ़ते, अठानबे प्रतिशत नंबर लाते, कॉलेज कैंपस में फटाफट चुन लिए जाते। नामी कंपनियों की भारी पैकेजों वाली नौकरी पाते। खुशी में दमकते मां-बाप बताते कि आज कंपनी ने 'सनी' को मिलान भेजा है। आज सिडनी.. कभी नहीं सुना कि सनी ने कभी किसी जरूरतमंद की, किसी मुसीबतजदा की मदद की हो।

ऐसे राजदुलारों से सिरदर्द की गोली लाने कहने की सोचना भी मूर्खता है। किससे कहूं, सोचते हुए मेरा ध्यान उन लड़कों की तरफ जाता है, जो मेरे कोरोना संक्रमित होने पर मेरे सूने घर के दरवाजे में भोजन के पैकेट रख कर चले जाते थे। भोजन ही नहीं, फल दवाइयां, जरूरत की चीजें, सब। सुबह ही फोन में पूछ लेते थे 'आंटी किसी चीज की जरूरत तो नहीं।' गरीबों को तो एकदम निःशुल्क। जबकि पूरे शहर में मृत्यु अपने विकराल जबड़े फाड़े मंडरा रही थी। बाहर निकलना यानी मौत के मुंह में जाना। राजदुलारे सब घरों में पिकनिक मना रहे थे। सरकार की आलोचना कर रहे थे। तब ये किन मांओं के बेटे थे भई, जो जान पर खेल कर सेवाएं दे रहे थे। सेवाएं देने के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे थे। प्रतिभाशाली राजदुलारों की तस्वीरें तो हमेशा अखबारों में, सोशल मीडिया में आती ही रहती हैं। लेकिन इन लड़कों के बारे में तो फिर सुना ही नहीं।

सिर की सारी नसें बुरी तरह तड़कने लगी हैं। दर्द से बेचैन मैं मोबाइल में उन लड़कों का नंबर ढूंढ़ने लगती हूं, शायद सेव करके रखी होऊं। *

अग्रवाल समाज की कार्यसमीति का चुनाव संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अग्रवाल समाज की श्री अग्रसेन हितकारिणी समिति परसपुरा का चुनाव श्री महाराजा अग्रसेन मैरिज हाल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव पर पूरे जिले के सभी व्यापारियों की नजर टिकी थीं क्योंकि कुछ माह पहले कुछ लोगों ने समिति का नाम बदलकर कार्यकारिणी में अध्यक्ष और महामंत्री बन गये थे। जब इस घटना का पता चला तो तत्कालीन अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित लोग परसपुरा स्थित श्री महाराजा अग्रसेन मैरिज हाल पर जाकर गेट मे ताला लगा दिया। इसके बाद समाज के बड़े बुजुर्गो के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों में समझौता हुआ जिसके क्रम में आज चुनाव संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी वरुण अग्रवाल, सहायक चुनाव अधिकारी नारायण दास अग्रवाल, रामदास अग्रवाल ने चुनाव सम्पन्न कराया। मुख्य चुनाव अधिकारी वरुण अग्रवाल ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि श्री अग्रसेन हितकारिणी समिति परसपुरा के नये अध्यक्ष अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल उर्फ रिंकू अग्रवाल, मंत्री आसित सेठ, उप मंत्री अशोक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक सुधीर अग्रवाल, प्रबंधक रवि अग्रवाल चुने गये हैं। कार्यकारिणी के सदस्य भागवत दास अग्रवाल, स्वयं प्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आनंद कुमार अग्रवाल, आनंद प्रकाश आग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल उर्फ प्रिंस, अरविंद जी अग्रवाल, पियूष सिंघल, प्रशांत गोयल, अंशु अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल व नीतिश कुमार अग्रवाल चुने गये हैं। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि समाज के सभी लोगों को साथ लेकर अग्रवाल समाज व जिले के विकास के लिए कार्य किया जायेगा। समाज के गरीब तबके के लोगों को हर संभव सहयोग दिया जायेगा जिससे कि वह मुख्य धारा में शामिल हो सके।

ठंड के चलते 14 तक अवकाश घोषित, 15 को खुलेंगे विद्यालय

प्रखर जौनपुर। जिले में पड़ रही भीषण ठंड, कोहरा के चलते जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों को 14 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। यह जानकारी बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि यह निर्देश जनपद के सभी सीबीएसई, आईसीएसई, मदरसा बोर्ड व वित्तविहीन समेत अन्य सभी बोर्ड के नर्सरी से आठवीं तक के विद्यालयों पर सख्ती से लागू किया जाएगा। डीएम मनीष कुमार वर्मा से यह अनुमति मिलने के बाद पूर्व में जारी 9 जनवरी तक की अवकाश अवधि को 14 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। शीतलहरी के इस अवकाश के बाद 15 जनवरी को सभी विद्यालय खुलेंगे। इसके बाद पहले की तरह पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से किया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने जिले के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त और सहायता प्राप्त नर्सरी से आठवीं तक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों शिक्षकों को निर्देशित किया है कि वह 15 जनवरी से विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाते हुए बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे। डॉ पटेल ने बताया कि अवकाश अवधि में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के वार्डन,प्रभारी व लेखाकार को निर्देशित किया है कि विद्यालय में नामांकित छात्राओं को दी जाने वाली संबंधित धनराशि उनके बैंक खाते में अवश्य प्रेषित करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालयों की रखवाली सर्वोच्च प्राथमिकता- जौनपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने जिले के 19 ब्लॉक में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की रखवाली के लिए वहां तैनात होमगार्ड, चौकीदार, सिक्योरिटी गार्ड को कड़े निर्देश दिया है । उन्होंने कहा है कि धुंध कोहरा और ठंड के चलते विद्यालयों में रखे गए सभी संसाधन व अन्य सामानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अहम है।

परासर धाम पर यज्ञ के लिए यज्ञशाला निर्माण और धाम परिसर की साफ-सफाई का कार्य जोरों पर

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरदासपुर कला ग्राम पंचायत अंतर्गत परासर ब्रह्म बाबा धाम पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के निमित्त धाम परिसर में एक भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य कराया जारहा है। मऊ जनपद के दोहरीघाट निवासी कारीगर अपनी कुशल कारीगरी का परिचय देते हुए यज्ञशाला के निर्माण में अपनी महति भूमिका निभा रहे हैं। जिनकी संख्या दहाई में बताई जा रही है।यज्ञ आयोजकों और भक्त श्रद्धालुओं की देखरेख में धाम के चारों तरफ कंटीली झाड़ियों और घासफूस को काटकर जहां साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है वहीं परिसर को सुंदर सुरम्य बनाने के लिए मिट्टी समतलीकरण का कार्य भी जोरों पर है।आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा दैनिक देखभाल करते हुए अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन किया जा रहा है। विदित हो कि अति चर्चित पवित्र धामपर लंबे अंतराल के बाद लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ आगामी 25 फरवरी से होगा और मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगा। उक्त नौ दिवसीय महायज्ञ के भक्तिमय उत्सव में देश के प्रख्यात कथावाचक और भगवद्भक्ति लीलाओं के मंचन हेतू नाट्यशाला के विख्यात कलाकार भाग लेंगे। इसकी जानकारी यज्ञ आयोजक समिति के सदस्यों ने दी है।

सकलडीहा तहसील में तहसील दिवस पर डीएम साहब ने सुनी जनता की फरियाद

प्रखर चंदौली। जिलाधिकारी साधु बनने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सकलडीहा तहसील में जनता की समस्याएं सुनी और त्वरित निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित किया संपूर्ण समाधान दिवस में 103 मामले आए जिसमें 11 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया 2 प्रकरण में टीम गठित कर मौके पर त्वरित निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारी को स्वतंत्र तारण करने का आदेश दिया शेष प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए गए जिलाधिकारी ने वरासक्ती प्रकरण में शिथिलता नहीं बरतने के निर्देश दिए कहा कि तय समय में विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित हो इस अवसर पर जिलाधिकारी साधन ने कहा कि सरकार की मंशा अनुरूप कार्य करें नहीं तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी किसी समस्या को त्वरित निदान

करने की कोशिश करें उसमें कतई हीला हवाली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा लोगों को जानकारी दी गई कहा कि प्रत्येक तहसील दिवस पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर शासन के साथ मिलकर लोगों को जागरूक कर उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा लोग जानकारी के अभाव में उनको उनका हक नहीं मिल पाता डीएम ने कहा कि जनपद में आयोजित 11 फरवरी को मेगा राष्ट्रीय लोक अदालत तक अधिक से अधिक उम्र वालों को चिन्हित कर ले जिसका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किया जा सके साथही लोग शासन की योजनाओं का उपयोग कर सकें इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीके राय आदि उपस्थित रहे।

इंटरलॉकिंग का पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रखर केराकत जौनपुर। देश जब से आजाद हुआ तब से नाली व रास्ते को लेकर काफी त्रस्त था जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र व राज्य में बनी तब से पार्टी का जो नारा था सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ देश व प्रदेश में कार्य कर रही है उक्त बाते डेहरी गांव में पूर्वांचल विकास निधि योजनाअंतर्गत बनी इंटरलाकिंग व नाली के उद्घाटन करने पहुंचे भाजपा के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कही।उन्होंने कहा कि भाजपा बसपा व सपा जैसा काम नहीं करती है जितनी सरकार की योजनाएं आ रही है वह सभी लोगो तक पहुंच रही है मैंने अपने कार्यकाल के दौरान जब डेहरी गांव में आया तो यहां पर रास्ते व नाली की समस्यायों को देखकर बहुत पीड़ा हुआ उसी समय मैंने यह ठान लिया कि इस गांव से नाली व रास्ते को लेकर समस्यायों को दूर करेंगे आज करीब 36 लाख के लागत से नाली व रास्ते का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। बता दे कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फरहान अहमद के नेतृत्व में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर पूर्व विधायक दिनेश चौधरी पर पुष्प वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ गांव का भ्रमण कर गर्मजोशी से

ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से किया पूर्व विधायक का स्वागत

स्वागत किया। ग्रामीणों का अपार प्रेम देख गदगद हुए पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी जयेश यादव, आर डी चौधरी, महेंद्र सिंह, गौतम मिश्र गोलू, अमरनाथ यादव, रिंकू सिंह, इंद्रसेन सिंह, पूर्व प्रधान संतोष कुमार, मो आजम, मुजम्मिल, फिरदोस अहमद, गुफरान अहमद, किबिरिया, जिकिरिया, पप्पू, सलाउद्दीन समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी को दी गयी श्रद्धांजली

प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पं बंगाल के पूर्व राज्यपाल पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन पर एक शोकसभा आयोजित किया गया। बीजेपी नेता रुपेश जायसवाल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। श्रद्धांजली सभा में पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी जी को श्रद्धांजलि दी गई और उनके जीवन संघर्षो पर चर्चा की गयीं। सभी ने उनके बताये आदर्शो पर चलकर उनकी स्मृति को चिर स्थायी बनाये रखने की बात कही। इस मौके पर ईशान राम जायसवाल, धीरज पाटिल, वेद प्रकाश जयसवाल, अनील, संदीप, अभिषेक, संजय , रमेश आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहें।

प्रधान मनरेगा के मजदूरों के हक पर डाल रहे है डांका, जेसीबी से हो रही खुदाई

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। शाहगंज ब्लॉक के अमरेथुआ गांव में ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी द्वारा मनरेगा कार्य मे धन बन्दर बांट का मामला प्रकाश में आया है। गांव की अमृत सरोवर के कार्य का पहले भुगतान कर लिया गया बाद में जेसीबी से मिट्टी की खुदाई हो रही है। ग्रामीणों ने विरोध किया तो जिम्मेदारों ने कार्य बन्द करा दिया। शाहगंज विकास खण्ड के अधिकारी मामले पर चुप्पी साधे हुए है। ग्राम प्रधान निमार्णाधीन पंचायत भवन में मिट्टी डालने के लिए मिट्टी निकाले जाने की सफाई दे रहे है। बताया जाता है कि उक्त गांव के अमृत सरोवर में जेसीबी से ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी निकालने का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें मनरेगा के मजदूरों के बजाए जेसीबी से कार्य कराया जा रहा है। सूचना पाकर ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया

तो जिम्मेदारों ने काम रोक दिया। गांव निवासी वार्ड नं०9 के जिला पंचायत सदस्य सुपुत्र चंद्रशेखर राजभर ने इसकी शिकायत बीडीओ नंदलाल से दूरभाष से शिकायत की तो उन्होंने सेक्रेटरी अरविंद से पूछा, तो वह किसी भी कार्य कराने से इंकार कर दिया। सूत्रों की मानी जाए तो इस कार्य में सरकारी भुगतान पहले हो चुका है। इस बाबत ग्राम प्रधान पुनीता देवी से पूछा गया तो उनके प्रतिनिधि अरविंद राजभर ने फोन उठाया, बताया कि गांव की निमार्णाधीन पंचायत भवन का कार्य चल रहा है, उसी में मिट्टी डालने के लिए जेसीबी से मिट्टी निकाली जा रही है, अन्य सवालों के बाबत कुछ भी बताने से इंकार किया। जब मीडिया ने सीडीओ सीलम ताई तेजा को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि यह जाँच का विषय है। जाँच में दोषी मिलने पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

आईटी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किया गया कंबल वितरण

प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। हाफिज इलतेफात जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में आईटी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा रविवार को कंबल वितरण किया गया। जिसमे 525 से ज्यादा गरीबों में कंबल का वितरण किया गया। जनपद में लगातार बढ़ रहे ठंड को देखते हुए ब्लॉक मुहम्मदपुर के बिसहम मिजार्पुर इलाके में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। ब्लॉक मुहम्मदपुर के बिसहम मिजार्पुर में सपा नेता वसीम अहमद बिसहमी व ग्राम प्रधान डॉक्टर सरवत आलम और मोहम्मद उमर के सहयोग से जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता वसीम अहमद बिसहमी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वितरण समारोह को संबोधित करते हुए वसीम अहमद बिसहमी ने कहा कि आजमगढ़ जिले में लगातार तापक्रम की गिरावट के कारण बढ़ रहे ठंड से लोगों की जिंदगी अस्त व्यस्त हो गई है। आईटी वेलफेयर सोसाइटी के ट्रस्टी मोहम्मद उमर ने बताया कि हम इस कड़ाके की ठंड में गरीब, मजबूर, लाचार, जरूरतमंदों को मदद करने से पुण्य मिलता है। गरीबों की मदद करने की प्रेरणा हमें अपने नाना नानी से हमेशा मिलती रही है उन्होंने इस कंबल वितरण को अपने नाना-नानी की नक्शे कदम पर चलने पर समर्पित किया उन्होंने कहा कि इस कार्य से हमारे नाना नानी को ही समर्पित किया है। सहयोग के तौर पर आफताब अहमद ,रिशाद अहमद, रविंद्र यादव, मोहम्मद आरिफ, गौहर एडवोकेट ,जमशेद ,बिलाल अहमद, जमशेद ,शहंशाह, आदि रहे। कार्यक्रम के दौरान ही मुख्य अतिथि सपा नेता वसीम अहमद विषहमी द्वारा पत्रकारों का सम्मान किया गया जिसमें सम्मान स्वरूप उनको शाल भेंट दी गई। वसीम अहमद विसहमी ने बताया की पत्रकार एक चौथा स्तंभ है यहां मौजूद अशोक विश्वकर्मा, आफताब आलम , राहुल पाण्डेय , रामअवतार स्नेही आदि सभी लोगों ने समाज के प्रति अपनी लेखनी को हमेशा सही तरीके से ही इस्तेमाल किया जिसके लिए समाज में बहुत सारी ऐसी समस्याएं थी जो इनके लिखने से ही अधिकारियों का ध्यान आया और उससे काम शुरू हुआ। वही कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए उन्होंने इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर कंबल देने वालों का काफी धन्यवाद दिया जिसमें प्रमुख रुप से माला,बुद्धू,दिव्या,हुस्नारा ,असलम अंसारी ,हसीना ,सहाना, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दो तहसीलदार सहित आधा दर्जन नायब तहसीलदार का हुआ ट्रांसफर

प्रखर चंदौली। आखिरकार डीएम ईशा दुहान ने शनिवार देर शाम को जनपद के दो तहसीलदार सहित आधा दर्जन नायब तहसीलदारों का तबादला कर दिया इनमें सकलडीहा तहसील दार भी शामिल रहे जिनके ऊपर वकीलों ने तहसील में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है सकलडीहा तहसील से हटाने की मांग की थी इसको लेकर वकीलों का आंदोलन काफी लंबा चला सकलडीहा रही तहसीलदार न्यायिक बंदना मिश्रा का स्थानांतरण चकी या तहसीलमें कर दिया गया है और अब चकिया की नई तहसीलदार होगी चकिया तहसील दार रहे विकास दर को सकलडीहा का नया तहसीलदार बनाया गया जिला अधिकारी के ट्रांसफर आर्डर के अनुसार जिन तीन तहसीलों में तहसीलदार न्यायिक का पद रिक्त होगा वहां पर तैनात पद तहसीलदार द्वारा ही तहसीलदार न्यायिक के कार्यों का संपादन भी किया जाएगा ईशा दुहान में जिन आधा दर्जन नायब तहसीलदार ओं का स्थानांतरण किया है उनमें दिनेश कुमार शुक्ला को नायब तहसीलदार नवगढ़ से नायब तहसीलदार चंदौली बनाया गया है वहीं अभी तक चंदौली के नायब तहसीलदार रहे ध्रुवेश कुमार सिंह को नायब तहसीलदार सकलडीहा बनाया गया है जबकि अभी तक नायब तहसीलदार सकलडीहा रहे नीरज चतुर्वेदी के नायब तहसीलदार पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर बनाया गया है वही अभी तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में बतौर नायक तहसीलदार कार्यरत सुनील कुमार सिंह को चकिया तहसीलदार का नायब तहसीलदार नियुक्त किया गया है वहीं चकिया में बतौर नायक तहसीलदार कार्यरत प्रभु नाथ यादव को सकलडीहा तहसील का नायब तहसीलदार नियुक्त किया गया है जबकि सकलडीहा तहसील के नायब तहसीलदार पर कार्यरत रहे रवि रंजन कश्यप तहसील नवगढ़ में नायब तहसीलदार की नियुक्ति मिली है।

संक्षिप्त खबरें

गरीब असहाय की मदद करना पुनीत का कार्य है : सुरेश यादव

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के मुरारा गॉव में रविवार की सुबह श्रीनाथ यादव के अध्यक्षता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब व असहाय लोगो में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया इस दौरान लगभग 300 कंबल लोगो में वितरण किये गये।सपा नेता व समाजसेवी सुरेश यादव ने बताया कि इस समय भीषण ठंड का प्रकोप चल रहा है और इस भीषण ठंड में कमजोर व गरीब तबके के लोगो का जीवन जीना दुबर हो जाता है जिसको लेकर हम लोगो ने कंबल वितरण कार्यक्रम पिछले पांच सालो से चला रहे है।उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय लोगो की मदद करना पुनीत का कार्य है इसलिए हर वर्ष अपने ग्रामवासियों में कंबल वितरण पिता जी के हाथो कराया जाता है और यह कार्यक्रम अनवरत चलता रहेगा।इस अवसर पर रामचंद्र चौरसिया,मनोज मिश्रा,राजबहादुर यादव, डब्बल अहमद,विवेक शर्मा व नेता राम समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद ने ग्रामसभा अजाव में असहायों को ओढ़ाया कंबल

प्रखर वाराणसी। चोलापुर प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा ग्रामसभा अजाव मे कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दर्जनों असहायो को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में प्रखंड अध्यक्ष मनोज पांडे, अंशु बरनवाल, मनोज, सरोज, लोक गायक, बबलू चौबे, पंडित आनंद, रूद्रेश पांडे, रितेश राम और गांव के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में आशू व श्रेय को मिला कास्य पदक

प्रखर जौनपुर। करंजाकला विकासखंड के 2 छात्रों को 66वें प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज में कायस्थ पदक हासिल किया। इस सफलता के लिए लोगों ने दोनों छात्रों की सराहना की। 66 वी प्रादेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज की एग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज परिसर में संपन्न हुई थी। प्रतियोगिता 5 जनवरी से लेकर 7 जनवरी के बीच कराई गई। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग के छात्रों की प्रतियोगिता थी। जिसमें प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के तीरंदाज अभ्यर्थी भाग लिया। जिसमें सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के श्री देव पब्लिक स्कूल के छात्र श्रेय यादव ने पदक प्राप्त कर प्रदेश स्त्ररीय टीम में जगह बनाई और ऋषीकूल इंटर कॉलेज कोठवार के कक्षा नौ की छात्रा आशू यादव ने महिला वर्ग में कास्य पदक प्राप्त किया। दोनों का विजेता नेशनल टीम में अपनी जगह बना लिए है और प्रदेश की टीम में खेलने जाएंगे। दोनों छात्र की तैयारी जिला तीरंदाजी संघ जौनपुर द्वारा संचालित एकेडमी में कराया गया था। जिला तीरंदाजी सचिव सुमंत यादव द्वारा इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस सफलता के लिए अन्य खिलाड़ियों ने खुशी जताई।

रोटरी क्लब वाराणसी शिवाय ने ठंड से ठिठुर रहे असहाय ,जरूरतमंद लोगो कों बांटा कम्बल कम्बल पाकर लोगो ने संस्था को दिया धन्यवाद

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी शिवाय के सौजन्य से कड़ाके की ठंड से राहत देने हेतु गरीब असहाय लोगो कों कंबल वितरण किया गया` अध्यक्ष संतोष कपूर की अध्यक्षता में क्लब के द्वारा वाजिदपुर ग्राम के गरीब , असहाय जरूरतमंद लोगों को 50 कंबल का वितरण किया गया जिससे की ठंड से उन्हें राहत मिल सके` कार्यक्रम मे अध्यक्ष संतोष कपूर ,सचिव प्रमोद सिंह, सरिता सिंह, जयराज त्रिपाठी, राहुल सिंह ,गौरव सिंह सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं